हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री




बस स्टैण्ड में उमड़ी महिला यात्रियों की भीड़।

## खबर संक्षेप

### वायरल के साथ आंख में इंफेक्शन का खतरा बढ़ा

**बिलासपुर।** जिले में मौसमी बीमारियों का प्रकोप फैला हुआ है, सर्दी व बुखार के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। इन सब के बीच आंख में इंफेक्शन की शिकायत के लिए मरीज डाक्टरों के पास पहुंच रहे हैं। बारिश के दिनों में कंजंक्टिवाइटिस जैसे आंखों के इंफेक्शन तेजी से बढ़ता है, इस दौरान मरीज की आंख से पानी आना और आंखे लाल होने की शिकायत होती है। डाक्टरों का कहना है कि इंफेक्शन को फैलने से बचाने के लिए मरीज को डाक्टर की सलाह के साथ ही साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना पड़ता है हालांकि यह जल्द ठीक होता है लेकिन इसके संक्रमण की आशंका बनी रहती है। आमतौर पर स्कूली बच्चों में यह तेजी से फैलता है।

### अस्पतालों में ताले मरीज बेहाल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण/सविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27% वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन विकराल रूप ले रहा है। जिले में 750 से अधिक कर्मचारी हड़ताल के समर्थन में काम छोड़ धरने पर रास्ता पकड़ लिया है। इससे अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जाँच (खून, पेशाब, ट्रू-नाट, सीबीनाट), टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच, ओपीडी, नवजात शिशु देखभाल, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित है। अस्पतालों में ताले लग रहे है और मरीजों को भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि सरकार संविदा कर्मचारियों को 100 दिनों में नियमितीकरण करने का दावा कर चुकी है,पिछले 20 महीनों में 160 से अधिक ज्ञापन देने के बाद ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे में अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

### थमी रही बारिश अलर्ट जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के आसपास कुछ दिनों से अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी किया है लेकिन रविवार को बारिश थमी रही हालांकि काले घन बादल आसमान पर मंडराते रहे। इस दौरान तापमान 28.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान बिजली गिरने और तेज बारिश की संभावना है। उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में द्रोणिका क बनी हुई है, प्रदेश में नमी युक्त हवाएं प्रवेश कर रही है, जिसके चलते झमाझम बारिश की आशंका है।

### सड़क पर चलना मुश्किल दुकानदार भी हलाकान



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर मुख्य मार्ग चलने लायक नहीं है। सड़क पर सैकड़ों गड्ढें हो चुके हैं, ऐसे में हर आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की वजह से दुकानदारों को भी खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है, बारिश के कारण किचड़ और बारिश थमते ही धूप से सामना होता है, जिसके चलते ग्राहकी खराब हो रही है। नगर निगम ने कुछ दिन पहले यहां गिट्टी और सीमेंट का मिक्चर डाल दिया है जिसके बाद से स्थिति ओर भी खराब हो चुकी है।

# क्यूआर कोड लगाने 9 करोड़ फूंके, योजना हो गई बंद, अब घरों में साढ़े आठ करोड़ से डिजिटल नेम प्लेट लगा रहा निगम

सवाल उठ रहे हैं कि जब सिस्टम चालू ही नहीं करना था तो करोड़ों रुपए खर्च क्यों किए गए

नए ठेके में 40 हजार प्रापर्टियां जो टैक्स से अछूती थीं उन्हें टैक्स के दायरे में लाने का दावा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

आनलाइन टैक्स और अन्य बिलों की वसूली के लिए स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने हाईटैक योजना बनाई। लोगों के घरों की दीवारों पर क्यूआर कोड लगाए गए। इसके लिए 8 करोड़ 75 लाख का ठेका भी हुआ। कंपनी ने कुछ घरों में यह क्यूआर कोड लगाया भी। अचानक यह योजना बंद कर दी गई और ठेका कंपनी पैसे लेकर भाग गई। अब निगम ने तय किया है कि इस बार घरों में डिजिटल नेम प्लेट लगाया जाएगा जिसमें मकान मालिक का नाम रहेगा। निगम के मुताबिक पूरे शहर में 40 हजार प्रापर्टियां जो टैक्स से अछूती थीं इससे अब टैक्स के दायरे में आ जाएंगी। इसके लिए सर्वे और दूसरे कामों के लिए साउथ नार्थ प्राइवेट लिमिटेड को 8.59 करोड़ का ठेका दिया गया है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत घर बैठे मोबाइल के जरिए आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा के लिए घरोंघर क्यूआर कोड लगाने की योजना बनाई गई थी। शहर के कुछ-कुछ घरों के सामने क्यूआर कोड लगाया भी गया था वह मोबाइल से स्कैन ही नहीं हो रहा था ना ही लोग घर बैठे टैक्स जमा कर पा रहे थे। मकानों में क्यूआर कोड लगाने के बाद वह चालू नहीं हुआ था और प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया था जो अब बंद हो चुका है।

### 12 हजार घरों में ही लगा और काम बंद हो गया

स्मार्ट सिटी के अंतर्गत नगर निगम के पुराने सीमा क्षेत्र शहर के 98 हजार घरों में क्यूआर कोड प्लेट लगाने का टारगेट रखा गया था। इस प्रोजेक्ट पर पूर्व नगर निगम कमिश्नर के समय काम चालू भी किया गया था, कुछ कालोनी एरिया के मकानों में क्यूआर कोड प्लेट लगाया गया था। इसमें शहर के ऐसे मकानों को पहले चिन्हित किया गया, जिनका किसी प्रकार का टैक्स बकाया नहीं है और वे नियमित रूप से टैक्स पटाते आए हैं, ताकि नियमित टैक्स पटाने वालों को घर बैठे आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा मिल सके। हालांकि 12 हजार घरों में ही यह लग सका और बिना काम किए योजना को बंद कर दिया गया।

### डेढ़ लाख घरों को मिलेगी नई पहचान

नगर निगम के मुताबिक, पहले शहर में क्यू आर कोड लगाने की शुरुआत की गई थी लेकिन अब इसके स्थान पर डिजिटल नेम प्लेट लगाया जा रहा है। दोनों ही कार्यों के लिए एचडीएफसी और कोटक महेंद्रा बैंक के सीएसआर मद से राशि ली जा रही है। निगम के मुताबिक लोगों को डिजिटल नेम प्लेट के पैसे नहीं देने पड़ेंगे। निगम के मुताबिक पासपोर्ट बनवाने के वक्त स्थायी पते की प्रमाणित जानकारी के साथ मकान नंबर की जरूरत होती है, लेकिन बिलासपुर नगर निगम द्वारा 40 वर्षों से मकान नंबर अलॉट नहीं किया गया, इसलिए लोगों को परेशानियां हो रही थी। डिजिटल नेम प्लेट लगने के बाद इस समस्या से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा।

### नए क्षेत्रों में डोर-टू-डोर टैक्स वसूली

पहले नगर निगम को लोगों से प्रापर्टी टैक्स जमा करवाने काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। निगम की ओर से कई बार नोटिस जारी किया जाता था, तब कहीं जाकर लोग निगम कार्यालय तक टैक्स जमा करने पहुंचते थे। समय पर टैक्स नहीं मिलने के कारण उसका असर निगम की आर्थिक स्थिति पर पड़ता था। अब तो निगम का राजस्व विभाग का अमला निगम के नए एरिया में डोर-टू-डोर जाकर टैक्स वसूल ही रहा है। निगम कार्यालय में काउंटर में भी टैक्स जमा होता है। अब आनलाइन वेबसाइट के जरिए भी टैक्स जमा करने की सुविधा हो गई है।

### दूसरी सुविधा चालू की गई

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के घरों में क्यूआर कोड वाली प्लेट लगनी थी, शुरूआत में शहर के कुछ मकानों में क्यूआर कोड लगाया भी गया है, लेकिन अब यह प्रोजेक्ट बंद हो गया है और उसकी जगह पर नगर निगम द्वारा आनलाइन टैक्स जमा करने की दूसरी सुविधा चालू की गई है। आनलाइन टैक्स की सुविधा के लिए मकानों को डिजीटल आईडी नंबर दिया गया है और मकान मालिक वेबसाइट पर जाकर अपना आईडी नंबर डालकर टैक्स जमा कर सकते हैं।

- वाय श्रीनिवासन, आईटी मैनेजर, स्मार्ट सिटी

महिलाओं ने हैदराबाद के वेंडर का किया बहिष्कार, सिले कपड़े देने से किया इनकार

# मल्टी एक्टीविटी सेंटर में काम करने वाली महिलाओं को तीन माह से नहीं मिला वेतन

अंजनी तिवारी ⏭ बिलासपुर

आजीविका मिशन तहत नगोई में बनाए गए मल्टी एक्टीविटी सेंटर में सिलाई, कढ़ाई का काम करने वाली महिलाओं को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। आर्थिक तंगी से जूझ रही महिलाओं ने अब हैदराबाद के वेंडर बहिष्कार करते हुए सेंटर में सिलाई कर रखे कपड़ों को वेंडर को देने से इनकार कर दिया है।

आजीविका मिशन तहत जिला पंचायत द्वारा गनियारी के मल्टी एक्टीविटी सेंटर की तरह ही नगोई ग्राम में मल्टी एक्टीविटी सेंटर बनवाया गया है, जहां बड़े से डोम के भीतर स्वसहायता समूह की महिलाएं सिलाई, कढ़ाई का काम कर अपना आजीविका चला रही है। यहां पर सिलाई, कड़ाई का काम हैदराबाद के नारी शक्ति गारमेंट फैक्ट्री को दिया गया है, जो यहां स्थानीय बिहान स्वसहायता समूह की महिलाओं से सिलाई, कढ़ाई का काम कराता है। बिहान स्वसहायता समूह के अंतर्गत वर्तमान में यहां पर 20 महिलाएं काम कर रही हैं, जिन्हें वेंडर द्वारा पिछले तीन माह के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है और यह चौथा महिना भी पूरा होने जा रहा है। एक-एक महिला का एक-एक माह का 4-5 हजार रुपए के हिसाब से हजारों रुपए वेतन का बकाया है, जिससे स्वसहायता समूह अंतर्गत यहां सिलाई का काम करने वाली महिलाओं को इन दिनों न सिर्फ आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है, बल्कि उन्हें अपने परिवार की आजीविका चलाना मुश्किल पड़ रहा है। महिलाएं जिला पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक अपने वेतन भुगतान नहीं होने के संबंध में शिकायत कर चुकी हैं। अब यहां काम करने वाली महिलाओं ने वेंडर का हैदराबाद के वेंडर का खुलकर बहिष्कार कर दिया है। महिलाओं ने कहा है कि जब तक वेंडर द्वारा उनके वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक नगोई सेंटर में सिलाई कर तैयार रखें कपड़ों की सप्लाई नहीं होने दिया जाएगा।



फोटो : वशील्लाह

### मशीन 200, काम कर रही 20 महिलाएं

नगोई मल्टी एक्टीविटी सेंटर में डोम के भीतर 200 मशीनें रखी गई है, जिसमें सिलाई, कड़ाई, काज, बटन की मशीनें शामिल हैं। यहां पर करीब 200 महिलाओं को रोजगार दिया जाना था, किन्तु केवल 20 महिलाओं को काम पर रखा गया है। ये महिलाएं नगोई, बैमा सहित आसपास के गांवों से यहां काम करने आती है। सेंटर काफी दूर पड़ता है, इसलिए दूसरे गांवों की महिलाएं नहीं आ पाती हैं।

### वेंडर का ठेका हो चुका समाप्त

नगोई सेंटर में काम करने वाली बिहान महिला स्वसहायता समूह की रागनी पांडेय सहित महिलाओं का कहना है कि उन्हें हैदराबांद वेंडर नारी शक्ति गारमेंट फैक्ट्री द्वारा कपड़ा उपलब्ध कराया जाता है। महिलाओं द्वारा सेंटर में मशीन से सिलाई, कढ़ाई करके कपड़ा तैयार कर वेंडर को दिया जाता है, जिसे वेंडर हैदराबाद सप्लाई करता है, लेकिन वेंडर की ओर से सिलाई का काम करने वाली महिलाओं को वेतन भुगतान ही नहीं किया जा रहा है और पिछले तीन-चार माह होने जा रहा है, उन्हें भुगतान नहीं किया गया है। वेंडर का दो साल की ठेका अवधि भी समाप्त हो गया है, उसके बाद भी वेंडर सेंटर में काम कर रहा है, इसलिए उन लोगों ने वेतन भुगतान सहित वेंडर को बदले जाने की मांग कर रहे हैं और वेंडर का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।



### 4 करोड़ रुपए की लागत से बना था सेंटर

नगोई में आजीविका मिशन के तहत करीब 4 करोड़ की लागत से मल्टी एक्टीविटी सेंटर का निर्माण कराया गया था। सेंटर का परिसर 10 एकड़ एरिया में फैला हुआ है। यहां पर भी गनियारी के सेंटर की तरह ही महिला स्वसहायता समूह का रोजगार उपलब्ध कराने विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित किया जाना था। लेकिन कुछ दिनों तक टर्सर काम शुरू किया गया था जो कुछ दिनों बाद ही बंद हो गया। वर्तमान में डोम भीतर केवल कपड़ा सिलाई, कढ़ाई का काम चलता है और डोम के पीछे एरिया में फ्लाईएश ब्रिक्स निर्माण का यूनिट बना हुआ है। बाकी पूरा परिसर खाली पड़ा हुआ है।



### फ्लाईएश ब्रिक्स का काम भी दो माह से बंद

सेंटर में फ्लाईएश ब्रिक्स का शेड बना हुआ है जहां शेड की टीन तूफान में उखड़ गया है। फ्लाईएश ब्रिक्स बनाने का काम भी करीब दो महिना से बंद पड़ा है। यहां पर कालिका महिला स्वसहायता समूह द्वारा फ्लाईएश ब्रिक्श बनाने का काम किया जाता है। लेकिन सेंटर के पीछे की ओर जाने वाले रास्ते को पिछले दिनों पानी निकासी के लिए खोद दिया गया था जिसके चलते आने-जाने का रास्ता कट गया था। इसलिए फ्लाईएश ब्रिक्स बनाने का काम भी बंद पड़ा था। हाल ही में पानी निकासी के लिए पाइप डालकर रास्ता को ठीक कराया गया है।

### की गई है शिकायत

नगोई सेंटर में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा कपड़ा सिलाई का काम किया जाता है। वहां पर लाईवीलिहुड कालेज के तहत हैदराबाद के प्राईवेट कंपनी को वेंडर का काम दिया गया था। लेकिन वहां काम करने वाली महिलाओं ने वेंडर द्वारा उनके वेतन भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की गई है।

- रामेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला प्रबंधक, आजीविका मिशन जिला पंचायत

ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

# अटल आवास में बनाया जा रहा था नकली कीटनाशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल आवास में किराए का मकान लेकर ब्रांडेड कंपनी की नकली कीटनाशक बनाकर बेचने वाले व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके घर से भारी मात्रा में कीटनाशक व ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बिहार मधुबनी निवासी रंजीत सिंह प्रायसी डिफरेंश फोर्स इंडिया कंपनी में जांच अधिकारी हैं। उन्होंने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि कंपनी को सूचना मिल रही थी कि बिलासपुर व आसपास के जिलो में कंपनी के नकली कीटनाशक की बिक्री की जा रही है, जिससे कंपनी व किसानों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने शहर में आकर पतासाजी की तो जानकारी हुई लिंगियाडीह एफसीआई गोदाम के पास स्थित अटल आवास में रहने वाला रवि सोनी पिता नंदकिशोर सोनी घर में नकली कीटनाश बनाकर उनके ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर लगाकर बेच रहा है। एसआई अवधेश सिंह ने स्टाफ के साथ कंपनी के अधिकारी के साथ दबिश दी। तलाशी लेने पर भारी मात्रा में कीटनाशक व ब्रांडेड कंपनी के स्टीकर मिले। पुलिस कीटनाशक व स्टीकर जब्त कर लिया है।

एसआई सिंह ने बताया, रवि सोनी अटल आवास में किराए का मकान लेकर नकली कीटनाशक बनाकर बिक्री कर रहा था। पुलिस ने रंजीत सिंह की रिपोर्ट पर कापी राइट अधिनियम 1957 की धारा 63, 64, 65 के तहत रवि सोनी को गिरफ्तार कर लिया है।


# जिला अस्पताल की बर्न यूनिट अधर में, साल भर से वार्ड तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल का बर्न वार्ड एक साल से अधर में है। सीजीएमएससी द्वारा अस्पताल के सेकेंड फ्लोर में वार्ड का निर्माण भी किया गया है। जहां 6 बेड के कमरे में बर्न वार्ड बन कर तैयार है, लेकिन उपकरणों की कमी, एसी और अन्य काम अभी भी पेंडिंग है, जिसके चलते यह वार्ड शुरू नहीं हो सका है।

जिला अस्पताल में डाक्टर और स्टाफ की लंबी चौड़ी टीम है, इसके बावजूद यह महज रिफरल सेंटर बन चुका है। डेढ़ साल पहले जिला अस्पताल में बर्न वार्ड तैयार करने शासन से मंजूरी मिली थी, जिसके बाद अस्पताल के सेकेंड फ्लोर में निर्माण शुरू कराया गया, निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को सौंपी गई और करीब 6 माह के निर्माण के बाद वार्ड बन कर तैयार हो गया, लेकिन साल भर बीतने के बाद भी जिला अस्पताल में बर्न वार्ड की शुरूआत नहीं हो सकी है। आगजनी से झुलसे मरीजों को सीधे सिम्स ले जाने की जरूरत पड़ती है, खास बात यह है कि जिला अस्पताल ऐसे मरीजों की प्रारंभिक उपचार तक नहीं कर पाता है। ऐसे में यहां बर्न वार्ड शुरू करना आवश्यक हो चुका है।

### प्रबंधन की उदासीनता से लटका मामला



हर महीने डेढ़ लाख रुपए तक कमाई कर रहा छात्र, स्टार्टअप कंपनी बनाई, 8 लोगों को नौकरी भी दी

# छात्र ने साइंस प्रोजेक्ट के लिए दो यू-ट्यूब चैनल बनाए, 24 लाख सब्सक्राइबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंडे पाजिटिव

शहर के छात्रों ने अपनी मेहनत और इनोवेशन से देश ही नहीं विदेशों में भी नाम कमा रहे हैं। छात्र चिन्मय डे ने जहां जी 20 सम्मेलन में अपने वीडियो कार्टून का प्रदर्शन किया तो छात्रा अदिवा अंजूम ने कमर दर्द, फ्लैट फुट और पैर के रोग के लिए जो प्रोजेक्ट बनाया है उसे नीति आयोग ने मान्यता दी है। यही नहीं छात्र हरीश कुमार ने साइंस प्रोजेक्ट के लिए दो यू ट्यूब चैनल बनाया। इसके बाद एक कंपनी भी बनाई जिसमें 8 लोगों को नौकरी पर रखा है। यू ट्यूब के सहारे ही हर महीने डेढ़ लाख रुपए तक कमाई भी यह छात्र कर रहा है।

छात्रों को सही मार्गदर्शन और उचित संसाधन मिलने से वह छोटी उम्र में ही बड़े-बड़े कारनामे कर दिखाने में सक्षम हो जाते हैं। इसी बात को चरितार्थ करते हुए शहर के छात्र नवाचार के मामले में देशभर में अपनी धूम मचा रहे हैं। एक तरफ जहां अटल टिंकरिंग लैब के छात्रों के नाम से कृषि मित्र नाम के उपकरण का पेटेंट मिला हुआ है तो तीन छात्रों ने अपने साइंस प्रोजेक्ट से नीति आयोग के नेशनल प्रोजेक्ट में अपनी जगह बनाई है। इन छात्रों ने पिछले दिनों छात्र शिखर सम्मेलन में करीब 85 देशों के प्रतिनिधियों के सामने 3डी प्रिंटर को लेकर अपनी अपनी प्रस्तुति दी।

### साइंस प्रोजेक्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहे जा रहे



सिरगिट्टी निवासी मल्टीपरपस स्कूल का छात्र हरीश कुमार जब कक्षा 9 वीं में था तब उसके पिता की मौत हो गई। परिवार की जिम्मेदारी हरीश पर आ गई। साइंस में काफी रुचि थी तो उसने अटल टिंकरिंग लैब ज्वाइन किया। यहां उसने प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू किया। इसी दौरान उसने अपना यू टूयब चैनल भी बना लिया। इसी चैनल पर अपने साइंस अपलोड करना भी शुरू किया। लोगों ने देखना शुरू किया तो एक और यू ट्यूब चैनल बनाने के साथ ही इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई। हरीश के मुताबिक फिलहाल 24 लाख सब्सक्राइबर उसके हैं। यू टयूब चैनल से उसे हर महीने करीब डेढ़ लाख रुपए की कमाई भी हो रही है। 2023 में 12 वीं पास करने के बाद उसने अपना स्टार्टअप शुरू किया। इसका आफिस शंकर नगर में है। इस कंपनी में 8 लोग नौकरी करते हैं जिन्हें हरीश वेतन देने के साथ ही साइंस प्रोजेक्ट के बारे में सिखाता है।

### 20 देशों के वैज्ञानिकों और कार्टून वीडियो वालों ने सराहा



मल्टीपरपस स्कूल के छात्र चिन्मय डे अभी कक्षा 11 वीं में है। कक्षा सातवीं में पढ़ाई के दौरान ही उसका रुझान कार्टून वीडियो बनाने की ओर हो गया। तीन साल में वह इसमें माहिर हो गया और नेशनल लेबल का प्रोजेक्ट तैयार किया। जुलाई 2023 में दिल्ली में हुए दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन में उसने जब इस प्रोजेक्ट को पेश किया तो अंरराष्ट्रीय स्तर के 20 देशों के वैज्ञानिकों और कार्टून वीडियो बनाने वालों ने इसे सराहा। जिस अंदाज में नवाचार को प्रोत्साहन और सराहना मिली उसे देखते हुए नीति आयोग ने इसे पेटेंट और दूसरी प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश जारी किया है। चिन्मय ने सभी के सामने इस प्रोजेक्ट को हिंदी और छत्तीसगढ़ी में समझाया। नीति आयोग की सदस्य दीपाली ने इसे अंग्रेजी में ट्रांसलेट किया। खास बात रही कि कुल 100 प्रोजेक्ट में चिन्मय ही एक ऐसा छात्र रहा जो कि सरकारी स्कूल से था।

### राफेल बनाने वाली फ्रांस की कंपनी करेगी प्रोजेक्ट को प्रमोट



शहर की ही छात्रा अदिवा अंजुम ने भूकंप और पैर के रोगों के लिए दो प्रोजेक्ट बनाए हैं। इन्हें नीति आयोग द्वारा फंडिग की जाएगी। खास तौर पर अदिवा अंजुम ने छात्र चिन्मय डे के साथ मिलकर फूट रिलेक्सो शू बनाई जिसे पेटेंट कराया जा रहा है। इस शू से जिनको न्यूरो, माइग्रेन, बवासीर व रीढ़ की हड्डी में तकलीफ रहती है उन्हें लाभ मिला है। रिसर्च के दौरान अपनी देखरेख में लोगों को जूता पहनाकर 20 से 25 चहल कदमी कराते थे। ऐसा लगातार 15 दिनों तक किया गया। इस दौरान आश्चर्यजनक ढंग से इनकी तबियत में सुधार आने लगी। छात्रों के मुताबिक यह पूरी तरह नुचेरौपैथी के सिद्धांत पर काम करता है। शू को पहनकर चलह कदमी करने से न्यूरो और स्पाइन का प्रेशर पाइंट खास अंदाज में सक्रिय हो जाता है। इसके सक्रिय होते ही रक्त संचार की प्रक्रिया भी तेज हो जाती है और इसके माध्यम से आक्सीजन की आपूर्ति संबंधित जगहों पर होने लगती है। आक्सीजन की आपूर्ति नियमित होते ही ऐसे मरीजो को आराम मिलने लगता है। नीति आयोग ने राफेल बनाने वाली फ्रांस की कंपनी जो सामाजिक सहभागिता का काम करती है दासो उसे फूट रिलेक्सो शू को प्रमोट करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# शोक संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

जन्म
09/12/1940



निर्वाण
13/08/2025

## स्व. श्रीमती आशा देवी सिंह

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की पूज्यनीय हमारी माता जी

## श्रीमती आशा देवी सिंह
## (धर्मपत्नी स्व. बलराम सिंह)

का देहावसान दिनांक 13 अगस्त 2025 दिन-बुधवार को हो गया है।
जिनकी तेरहवीं दिनांक 25 अगस्त 2025 दिन सोमवार को होगी।
अतः कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

### तेरहवीं

दिनांक - 25 अगस्त 2025, सोमवार
समय - दोपहर 12 से 04 बजे तक
स्थान - बलराम टॉकीज परिसर, बिलासपुर (छ.ग.)

निवेदन: जिन स्नेही जनो को त्रुटिवश शोक पत्र /e शोक पत्र ना मिला हो कृपया इसे ही निमंत्रण समझें।

### शोकाकुल

अखिलेश सिंह, आभा सिंह, आशिष सिंह ठाकुर, डॉ. रश्मि आशिष सिंह, आलोक सिंह, माया सिंह, अवधेश सिंह, अनुभा सिंह, डॉ. अखिल सिंह, आदित्य सिंह, स्वेच्छा सिंह, अपर्णा सिंह, डॉ. ऐश्वर्या सिंह, आयुष सिंह, रूशाली सिंह, अंकित सिंह, निमिशा सिंह, डॉ. अभ्युदय सिंह, दीप्ती सिंह, अभ्युन्नति सिंह, आयुषी सिंह, आर्यादित्य सिंह, अथर्व सिंह, आरूषी सिंह, अनंतजीत सिंह, नायशा सिंह, अरिदमन सिंह, अभिविश्रुत सिंह, नव्या सिंह

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




**शिविर**

## राजयोग भवन में रक्तदान महाअभियान कार्यक्रम आज



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में सुबह 9 बजे से संध्या 5:30 बजे तक विशाल रक्तदान महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को महारक्त अभियान का आयोजन होगा। जिसमें सभी रक्तवीरों को लाइंस क्लब रॉयल्स की ओर से हेलमेट प्रदान किया जाएगा। दादी प्रकाशमणि ने ब्रह्माकुमारीज के मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन का 1988 में अपने कर कमलो से शुभारंभ किया था। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के भारत व नेपाल के सेवाकेंद्रों पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित जा रहे है। अभियान के तहत डेढ़ लाख यूनिट रक्तदान का संकल्प लिया गया है।

**धर्म-क्षेत्र**

## हिंदूराष्ट्र समय की मांग, भजन में भावविभोर हुए श्रध्दालु



**बिलासपुर।** भाद्रपद मास शुक्लपक्ष प्रतिपदा रविवार की पावन बेला में अग्रसेन भवन बिल्हा में श्रीधाम वृंदावन निवासी आचार्य विनयकांत त्रिपाठी के मुखारविंद से विविध सुमधुर भजनों की अविरल गंगा से धर्मनिष्ठ श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने पर मजबूर हो गए। भजनों के दौरान विनयकांत ने वर्तमान परिवेश पर चर्चा करते हुए माताओं बहनों को संस्कृति व संस्कार अपनाने पर जोर देते हुए हिंदूराष्ट्र बनाने के लिए कृतसंकल्प लेने का आग्रह करते हुए मंढोलीवाल परिवार को शुभाशीष प्रदान किया। मंढोलीवाल परिवार की तरफ से ललित अग्रवाल ने तीन वर्ष पूर्व श्रीमद्भागवत पाठ के पश्चात आज पुनः भजन संध्या को अविस्मरणीय बनाने के लिए श्रीधाम वृंदावन निवासी आचार्य विनयकांत त्रिपाठी व उनकी टीम तथा उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार जताया।

**आयोजन**

## भारतमाता स्कूल के छात्र व शिक्षकों को सीपीआर का दिया गया प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन एवं इंडियन रिहैबिलिटेशन काउंसिल फेडरेशन के संयुक्त पहल पर स्कूल सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा सत्र शुक्रवार को भारतमाता ईएमएचएस स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 166 छात्रों और 14 शिक्षकों ने भाग लिया। यह दूसरा स्कूल सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम था, पहला सत्र अरपा रिवर वैल इंटरनेशनल स्कूल में हुआ था। छात्रों और शिक्षकों को आपात स्थिति में आत्मविश्वास से कार्य करने का संकल्प दिलाया। छात्रों और शिक्षकों को हैंड्स-ओनली सीपीआर तकनीक सिखाई गई, जो हृदय गति रुकने पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए बेहद ज़रूरी है। इसमें मुख्य सहयोगी पीएजी रोटेरियन संजय दूआ,पीपी रोटेरियन प्रकाश महेश्वरी,रोटेरियन बलचंद जायसवाल, रोटरी ई-क्लब ऑफ, यूनाइटेड रोटेरियन डॉ सिद्धार्थ वर्मा, रोटरी ई-क्लब ऑफ डॉ रमन केशरवानी का सहयोग रहा।

# बाजे-गाजे के साथ गणपति का भव्य आगमन

### पर्यावरण संदेश, हवा महल व अयोध्या की थीम पर पंडाल सजाए जा रहे

एक ओर शहर में जहां प्राचीन परंपरा का अनुसरण पारंपरिक पद्धति से किया गया, वहीं दूसरी ओर डीजे की धुन और ढोल-ताशे की गूंज के बीच बप्पा को पंडाल में लेकर आने की शुरूआत हो गई है। रविवार को शहर की कई समितियों ने आकर्षक आतिशबाजी के बीच बाजे-गाजे से भगवान गणेश की प्रतिमा को पंडाल तक लाया, शहर के मुख्य मार्गों से यह मूर्तियां पंडाल पहुंची।







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

इस साल गणेश उत्सव की धूम देखने को मिलेगी,शहर में गणेश उत्सव के लिए तैयारियां जोरों पर है। ऐसे में बिलासपुर में भी गणेश उत्सव की रंगत बेहद भव्य होने जा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी गणेश पंडाल में कुछ अलग थीम में पंडाल तैयार किया जा रहा है, भगवान गणेश की स्थापना के लिए कहीं हवा महल की प्रतिकृति वाला पंडाल बनाया गया तो कहीं अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई। वहीं कई पंडालों में पर्यावरण का संदेश दिया जा रहा है। सुबह से ही बाजारों में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी, भक्त अपने आराध्य की सुंदर छवि लिए घर ले जा रहे। भव्य जुलूस के साथ गणेशजी की दिव्य मूर्तियों को भक्त लेकर आए और गाजे-बाजे से भगवान का स्वागत किया।

### सिंधी कॉलोनी में आकर्षक लाइटिंग से किया आगमन

सिंधी कॉलोनी के गणेश उत्सव समिति के द्वारा भगवान गणेश का भव्य आगमन किया गया,इस अवसर पर आकर्षक लाइटिंग से भगवान का आगमन किया। संगीत के धुन पर सदस्यों ने उत्साह से बप्पा का शहर के मुख्य मार्ग से पंडाल में विराजित किया। मंगलवार को विधी-विधान से भगवाण गणेश की स्थापना की जाएगी।

### पर्यावरण सरंक्षण का महत्व जन-जन तक पहुंचाना

श्री गणेशउत्सव समिति के अध्यक्ष आकाश सिंह ने बताया हर साल हमारी कोशिश रहती है कि गणेश उत्सव के माध्यम से लोगों को एक सामाजिक संदेश दें। इस बार हम जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट को ध्यान में रखते हुए यह पंडाल लेकर आए हैं, ताकि लोग पेड़ लगाने और पर्यावरण बचाने के महत्व को समझें। इन्होंने बताया कि पेड़ों की लगातार कटाई से प्रकृति का संतुलन बिगड़ता जा रहा है, पंडाल के माध्यम से हमने संदेश दिया है कि अगर हम समय रहते पेड़ नहीं लगाएंगे और पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगे, तो भविष्य में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। गणेश पंडालों के इस प्रयास से शहर के लोग न सिर्फ धार्मिक भावना से जुड़ रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी समझ रहे हैं।

## पर्युषण पर्वः महावीर जन्म वाचन महोत्सव में 14 स्वप्नों की बोली एवं 108 दीए से हुई महाआरती

**श्री जैन श्वेतांबर समाज के द्वारा परम पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व का रविवार को बड़ी संख्या में समाज के लोग दोपहर भगवान महावीर जन्म वाचन को बड़े ही धूमधाम से मनाया। विशेष शांति कलश की पूजा, सामायिक, कल्प सूत्र, भक्ति हुए। शाम को प्रतिक्रमण एवं रात्रि में 108 दिए से महाआरती एवं भक्ति की गई। उसके पश्चात 14 स्वप्नों की बोली लगाई गई, पूजन वेशभूषा धारण कर स्तवन कुलनायक पूजा, शांति कलश पूजा, मंगल दीपक सहित कई धार्मिक आयोजन संपन्न हुए।**





**बिलासपुर।** समाज की ज्योति चोपड़ा, शोभा मेहता द्वारा कल्प सूत्र का वाचन किया गया। उसके पश्चात रात्रि में जैन समाज के श्रावक एवं श्राविकाओं ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर पूरे माहौल को भक्ति मय बना दिया। 14 स्वप्नों के अलावा भगवान को पालने में बिठाने की बोली, डंका बजाने की बोली एवं अन्य बोली लेने वालों में जैनेंद्र डाकलिया, अंकित गिड़िया, अमरेश जैन है। इस अवसर पर नरेंद्र मेहता, सुभाष श्रीश्रीमाल, इन्दर चंद बैद, संजय चोपड़ा, राजेश परसवानी, किरण चोपड़ा, मीनू मेहता, संजय छाजेड़, अमित तुषार मेहता सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### बच्चों ने नाट्य की दी प्रस्तुति

बच्चों ने भगवान के जन्म के समय को नाट्य द्वारा प्रस्तुत किया, भगवान महावीर के माता त्रिशला के रूप में और भगवान का जन्म होने से पहले माता को 14 स्वप्न आए थे, उसका रूपांतरण एवं क्रियान्वयन समाज के महिला मंडल द्वारा किया गया। जिसमें समाज के बच्चों ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट के पूर्व कुलपति प्रो नीलांबरी दवे उपस्थित हुए। उन्होंने भी समस्त कार्यक्रम का आनंद लिया और भगवान महावीर का आशीर्वाद प्राप्त किया गुजराती जैन समाज उनके समाज में आने पर आभार व्यक्त किया गया एवं शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया।



## फिल्म में केवल मनोरंजन नहीं संदेश भी होना चाहिए





विचार मंच की गोष्ठी

बिलासपुर। विचार मंच की 157 वीं गोष्ठी में डॉ विकास राजपोपट ने कहा कि मीडिया की तरह सिनेमा भी व्यवसायिक हो गया है। फिल्म चले और अच्छी कमाई करे, भरपूर पैसा मिले, इस अपेक्षा से फिल्म का निर्माण किया जाता है। दरअसल सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, इसमें कोई संदेश होना चाहिए। फिल्म में दर्शक जो देखता है, उसका अप्रत्यक्ष रूप से उसके मन पर प्रभाव पड़ता है। सदाचारी या दुराचारी होने का प्रभाव, कानून का पालन करने या न करने का प्रभाव, गम्भीर होने या न होने का प्रभाव आदि समाज पर पड़ता है। श्री ईडिट्स फिल्म ने दर्शकों को संदेश दिया कि युवा के मन में जो पढ़ने या काम करने का मन हो, उसे करने दिया जाना चाहिए, इस संदेश का आमजन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और इस संदेश को फिल्म में बेहद मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि जिस फिल्मकार को केवल पैसे कमाना है, वह मारधाड़ और नाच-गाने दिखाता है जिसका समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। निर्माता के सामने प्रश्न यह रहता है कि क्या किया जाए, सार्थक फिल्म बनाकर कोई संदेश दिया जाए और अपनी पूंजी डुबाई जाए या मसाला फिल्म बनाकर पैसा बनाया जाए। फिल्म विचार प्रसारित करने का माध्यम है इसलिए इस पर आमजन को आपस में बैठकर विचार करना चाहिए कि फिल्म कैसी बने और कौन सी फिल्म देखी जाए। डेढ़ घंटे तक चले इस कार्यक्रम में गुरुवंत चंद्रा, अरुण दाभड़कर,राजेश अग्रवाल, डा.सुधाकर बिबे, एन.के.अग्रवाल, एस.विश्वनाथ राव, राजेश कुमार पांडे, वीरेंद्र अग्रवाल, अंजनी कुमार तिवारी सुधाकर, रमेश जोबनपुत्रा, जगदीश दुआ, महेश श्रीवास, राजेंद्र रंजन गायकवाड़, चंद्र प्रकाश बाजपेयी, शशि तिवारी, संजय पांडे, अजय पाठक, एस.पी. चतुर्वेदी, लीनिमा साहू, निशांत तिवारी, वेदप्रकाश अग्रवाल, महेंद्र कुमार साहू, इंद्रसेन अग्रवाल, संतोष कुमार, द्वारिका वैष्णव, राजेश दुआ, आनंदप्रकाश गुप्त, देवानंद दुबे, कान्हा सोनी, योगेंद्र कुमार, मुदित मिश्रा, निहाल सोनी, ऐश्वर्य शर्मा ने सक्रिय रूप से भाग लिया कार्यक्रम का संचालन विचार मंच के संयोजक द्वारिकाप्रसाद अग्रवाल ने किया।

**स्पोटर्स न्यूज**

## एसईसीएल मुख्यालय में नवनिर्मित बैडमिंटन हॉल का किया गया लोकार्पण



**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय परिसर में रविवार को नव निर्मित बैडमिंटन हॉल का लोकार्पण किया गया। नए बैडमिंटन हॉल को भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी एवं ओलंपिक में देश को पहला बैडमिंटन पदक दिलाने वाली महिला खिलाड़ी पद्मभूषण साइना नेहवाल के व्यक्तित्व एवं उनकी उपलब्धियों को समर्पित किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोल इंडिया ऑफिसर्स वाइस समिति की अध्यक्षा एवं प्रथम महिला कोल इंडिया परिवार श्रीमती पी विमला प्रसाद, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्षा श्रीमती नंदिनी त्रिपाठी, श्रीमती निधि अग्रवाल, श्रीमती श्रीपर्णा घटक तथा श्रीमती रूपाली अग्रवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा एवं प्रथम महिला एसईसीएल परिवार श्रीमती शशि दुहन, उपाध्यक्षा श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती हसीना कुमार एवं श्रीमती विनीता जैन सहित कोल इंडिया आफिसर्स वाइस समिति तथा श्रद्धा महिला मंडल मुख्यालय एवं क्षेत्रीय समितियों की सदस्याएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन से सीएमडी हरीश दुहन, निदेशक तकनीकी संचालन एवं योजना/परियोजना एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, निदेश वित्त डी सुनील कुमार एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, विभिन्न विभागाध्यक्ष, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। दो अत्याधुनिक वुडेन कोर्ट, दर्शक गैलरी, चेंजिंग रूम आदि सुविधाओं से युक्त यह बैडमिंटन हॉल भारत की पहली बैडमिंटन ओलंपिक मेडल विजेता पद्मभूषण साइना नहवाल को समर्पित किया गया। यहाँ विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से साइना नेहवाल के जीवन एवं उनकी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है, ताकि खिलाड़ी विशेषकर महिला खिलाड़ी उनसे प्रेरणा ले सकें।



### बैडमिंटन लीग में आरना, अन्वेषा ने जीता मैच

खेलो इंडिया भारत सरकार की परियोजना अस्मिता के अंतर्गत जिसका उद्देश्य बालिका खिलाड़ियों को अधिक से अधिक खेलों में प्रोत्साहन देना है। अस्मिता बैडमिंटन लीग स्पर्धा बालिका वर्ग का आयोजन जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

इस संबंध में जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अरविंद गोयल एवं संघ के सचिव श्री चंद्राकर ने बताया कि-अस्मिता बैडमिंटन लीग स्पर्धा बालिका वर्ग के लिए हुआ, जिसमें बालिका वर्ग में खेल के प्रति उत्सुकता रही,स्पर्धा रेड डायमंड स्पोर्ट्स एकेडमी तोरवा में आयोजित की गई। अंडर 15, अंडर 17, अंडर 19 तीनों वर्गों में बालिकाओं ने बैडमिंटन का शानदार प्रदर्शन किया जिसमें अंडर 15 में अन्वेषा शर्मा,अंडर 17 में आरना श्रीवास्तव,अंडर 19 में आरना श्रीवास्तव चैंपियन बने। खेलो इंडिया स्मिता लीग के मुख्य अतिथि के रूप में चंपा मजूमदार, दिव्य सिंह, भारती दुबे रहे मौजूद थी।

## सारव, आरुष, रुबानी व सुप्रिया बने विजेता



जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जिला स्तरीय अंडर-11,अंडर-13 बालक बालिका स्पर्धा, रेड डायमंड स्पोर्ट सेंटर में आयोजित की गई,

राज्य स्तरीय स्पर्धा के मद्देनजर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जिला स्तरीय स्पर्धा का रविवार को आयोजित की गई, जिला स्तर बैडमिंटन स्पर्धा में अंडर 11 एवं अंडर 13 के बालक बालिका वर्ग के 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के रोमांचक मैचों में अंडर 11 बालक वर्ग में शारव यादव,बालिका वर्ग में रुबानी भाटिया,अंडर 13 बालक वर्ग में आरुष गुरबाणी,बालिका वर्ग में सुप्रिया बोर्घन जीत हासिल कर चैंपियन बने। राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा की मेजबानी बिलासपुर जिला बैडमिंटन संघ को प्राप्त हुआ हैं। 3 से 7 सितंबर तक राज्य स्तरीय स्पर्धा रेड डायमंड स्पोर्ट सेंटर में आयोजित है। प्रतियोगिता जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अरविंद गोयल,सचिव डॉ एम एल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मनीष उभरानी एवं सदस्यों की उपस्थित में संपन्न हुआ।



### एथलेटिक्स में संकीर्तना ने जीता मेडल

64वीं राष्ट्रीय इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई जिसमें छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम की महिला खिलाड़ी थोटा संकीर्तना ने 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर राज्य को प्रथम मेडल की शुरुआत की है। उनकी उपलब्धि पर प्रशिक्षक परमेश्वर राम भगत को ने इस बेहतरीन उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दी।

## खबर संक्षेप

### शहीद पंकज विक्रम अवार्ड के लिए चयनित हुए संकेत

**तखतपुर।** नगर के युवा तीरंदाज संकेत सामुएल का चयन शहीद पंकज विक्रम अवार्ड के लिए चयनित



हुआ है। शूटिंग मे लगातार 5 साल राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के कारण उन्हें मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस खेल दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। शूटिंग में लगातार 22 साल से अपना योगदान देने और 5 साल से राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के लिए संकेत सामुएल को राज्य खेल, कल्याण विभाग एवं खेल विभाग की ओर से शहीद पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया जाना है। संकेत को यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाएगा।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने ठेले गुमटियों का किया निरीक्षण



**मुंगेली।** नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी पुष्पा खाखा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में स्ट्रीट फूड जैसे गुपचुप ठेला, मोमोस सेंटर, इडली दोसा सेंटर, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता युक्त खाद्य समाग्री को पकाने एवं रख रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही खाद्य सामग्री को बनाते समय हैण्ड ग्लब्स, एप्रान, हैड कवर लगाने, पीने के पानी को साफ-सुथरे बर्तन में रखने, खाद्य सामग्रियों को ढककर रखने की समझाइश दी गई। इसी तरह बरेला, जरहागांव, मुंगेली क्षेत्र में मामा भांचा हॉटल नया बस स्टैण्ड मुंगेली, शुभम बिरयानी सेंटर नया बस स्टैण्ड मुंगेली, शिवकृपा चाट सेंटर पडाव चौक मुंगेली, कृष्णा मोमोस सेंटर कांग्रेस भवन मुंगेली, अंशु मोमोस सेंटर कोतवाली थाना मुंगेली, विजय हॉटल बरेला, देवांगन हॉटल बरेला, राजू हॉटल जरहागांव, शिव स्वीट्स जरहागांव, दिलीप हॉटल जरहागांव, सत्य नारायण गाडी जरहागांव, कश्यप बिरयानी सेंटर जरहागांव का निरीक्षण किया गया और खाद्य सामग्रियों को साफ-सफाई के साथ तथा ढककर रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### ब्लॉक पत्रकार संघ का गठन, विनोद बने अध्यक्ष



**बिल्हा।** ब्लॉक पत्रकार संघ बिल्हा की बैठक रेस्ट हाउस में आयोजित की गई, जिसमें सर्व सम्मति से वरिष्ठ पत्रकार विनोद वर्मा का अध्यक्ष के लिए मनोनयन किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष दशरथ सन्नाट, सचिव कमल गर्ग, महासचिव गंगा निर्मलकर, धीरेंद्र मेहता, सहसचिव मनोज राय, कोषाध्यक्ष सुमित केडिया को बनाया गया। कार्यालय प्रशासनिक हरीश गुप्ते, कमलेश पांडे, कार्यकारिणी में रमेश पांडे, योगेश शर्मा, गोवर्धन शर्मा संजय कौशिक इत्यादि शामिल हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि, सभी के सहयोग से संगठन को मजबूत करना है। क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार स्व सुरेश केडिया के विचारों को आगे बढ़ाने तथा संगठन मजबूती पर जोर दिया जाएगा। बैठक में संगठन विस्तार सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा व प्रस्ताव किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मीडिया जगत से जुड़े सदस्य उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों ने की कार में तोड़फोड़, मामला दर्ज

**लोरमी।** नगर के महामाया पारा में असामाजिक तत्वों द्वारा एक कार में तोड़फोड़ कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार



नगर के वार्ड क्र 3 महामाया पारा निवासी शुभम विश्वकर्मा 34 वर्ष ने थाने में आवेदन दिया कि, उसकी कार सीजी 10 बीएक्स 3749 में अज्ञात तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी, जिसमें कार का आगे व पीछे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित ने बताया कि, वह प्रतिदिन के अनुसार अपनी कार को घर के नजदीक आंगनबाड़ी के पास खड़ी कर देर रात 12 बजे सोने चला गया। रविवार तड़के सुबह 6 बजे उठकर वह वाहन के पास गया तो, गाड़ी का आगे व पीछे दोनों तरफ का हिस्सा टूटा हुआ मिला। इस पर पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुपहिया सवार के साथ बदमाशों ने की मारपीट

**तखतपुर।** दुपहिया वाहन सवार को रोककर मारपीट करने वाले आरोपियों के लिए खिलाफ धारा 115,2 126,2 296,3,5 324,4 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कपसियाखुर्द निवासी दिलीप कैवर्त ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, 23 अगस्त को वह अपने मित्र के साथ दुपहिया वाहन में जरौंधा ड्यूटी जा रहा था। शाम 7 बजे कपसियाखुर्द निवासी अमन बंजारे, साहिल दिनकर, अतुल दिनकर ने उन्हें रोककर उनके साथ गाली-गलौज करने लगे, जब उसने ऐसा करने से मना किया तो, युवकों ने मारपीट कर दी।

## तीज पर्व को लेकर साड़ी दुकानों में देखी जा रही महिलाओं की भीड़

# तीजहारिन महिलाएं कल करू भात खाकर रखेंगी निर्जला उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

तीजा पर्व को लेकर साड़ी, ज्वेलरी दुकानों में महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। दुकानदारों द्वारा फैशन का ध्यान रखते हुए साड़ियों का नया स्टाक मंगाकर रखा है। तीज को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गई है। तीज त्योहार पर खरीदी को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। त्योहार 26 अगस्त को मनाया जाएगा। तीजहारिन महिलाएं करू भात खाकर 26 अगस्त को दिन भर निर्जला उपवास रहेंगी।

नगर के मेन रोड की दुकानों में इन दिनों अनेक प्रकार की साड़ियों के अनेक डिजाइन देखने को मिल रहे है। भारी वर्क के साथ ही कॉटन में भी डिजाइनिंग मटेरियल की एक से बढ़कर एक साड़ियों की रेंज देखी जा सकती है। कम कीमत में भी अच्छे व आकर्षक साड़ियों के पैटर्न के भी अनेक कलेक्शन यहां छाए हुए है। जिन्हे देखते ही महिलाओं का मन खरीदने को होता है। पिछले साल से फैशन में आई नेट साड़ी की डिमांड अब भी बनी हुई है। नेट के साथ तारे, मोती कुंदन व स्टोन के भारी वर्क वाली साड़ियों को अब भी महिलाओं द्वारा पहले की तरह ही पसंद किया जा रहा है। फूल नेट की साड़ियों के साथ ही सेमी नेट व हॉफ नेट की साड़ियों की भी अनेक डिजाइनें की मांग आ रही है। प्लेन साड़ी के साथ बॉडर वर्क का चलन काफी पुराना होने के बाद भी महिलाओं द्वारा अब भी इन्हें बेहद पसंद किया जाता है। चौड़े बॉर्डर की साड़ी के साथ ही क्लासी डिजाइन का कलेक्शन भी बेहद ही आर्कषक है। दुकानों के सामने मनभावन रंगों में प्रदर्शन के लिए लटकाई गई साड़ियां ग्राहकों को दुकान के भीतर तक खींचती ही नहीं बल्कि खरीदने के लिए बाध्य कर रही है।



साड़ी दुकान में महिलाओं की भीड़।

**बाजार की बढ़ी रौनकः** इस पर्व को लेकर दुकानों में रौनक बढ़ने लगी है। तीज को लेकर महिलाएं जहां अपने मायके पहुंच रही है वहीं त्योहार को लेकर दुकानों में महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। त्योहार के चलते महिलाएं नए-नए आभूषण व चूड़ी, साड़ियों की खरीदारी कर रही है। दुकानों में नई-नई वैरायटियों के सामान भी देखने को मिल रहे हैं। खासकर बाजार में कपड़े और श्रृंगार की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही। बड़ी संख्या में महिलाएं तीज पर्व को लेकर रंग बिरंगी साड़ियां एवं श्रृंगार के सामानों की खरीदारी कर रही है। विभिन्न रंगों से सजी चूड़ियों की दुकान में महिलाएं आकर्षित हो रही है। बाजार में इन दिनों कांच की चूड़ियां, पंजाबी चूड़ा, घुंघरु, कंगन, प्लास्टिक लाख, मेटल की चूड़ियों की ज्यादा बिक्री हो रही है। इन चूड़ियों के दाम 25 रुपए से लेकर 100 रुपए तक है।

### तीज पर होगा हरि कीर्तन



**लोरमी।** ग्राम खपरीकला में तीज पर्व पर संस्कृति को सहेजने प्रचलित एवं अनूठी परम्परा के तहत 26 अगस्त को हरि कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में ग्रामीण अंचल की टोलियां हिस्सा लेंगी, प्रत्येक टोलियां बारी-बारी से 24 घंटे तक हरि भजन की प्रस्तुति देंगी। इसके साथ ही साथ मे झांकी का प्रदर्शन होगा। महामाया बोलबम समिति के तत्वाधान आयोजित हरि कीर्तन मंडली खपरीकला के आयोजन में ग्राम सहसपुर, कपादह, बंगला झरिया, पाढ़ी, नरौली, सोमनाथपुर, धौराभाट, सिंघनपुरी, साल्हेघोरी, कोसमतरा, लगरा, प्राणकापा गांव की महिला टोली भी निशुल्क प्रस्तुति देंगी। गौरतलब है कि, हरि कीर्तन का आयोजन तिजहारिनों महिलाओं के लिए होता है। इस अनूठी परंपरा आयोजन आज भी ग्रामीण अंचल में भव्यता के साथ किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि, इस आयोजन का माध्यम से महिला एवं पुरुष अध्यात्म से जुडते हैं।



कार्यक्रम में शामिल छात्राएं व शिक्षक।

## गर्ल्स स्कूल में पुरस्कार वितरित

**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में आयोजित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का पुरस्कार वितरण अध्यक्ष गुरदीप कौर खुराना की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान गुरदीप कौर खुराना ने कहा कि, प्रतियोगिता के पहले या किसी कार्यक्रम में शामिल होने के पहले हम जितनी तैयारी करते हैं, और उसके लिए जो हमारा परिश्रम रहता है, यही हमारे परिणाम के लिए एक रास्ता बनता है।

जिस तरह से हमारा परिश्रम होगा इस अनुकूल हमारा परिणाम होगा। इसलिए व्यक्ति को चाहिए कि वह बिना परिणाम की चिंता किए बेहतर से बेहतर परिश्रम करे, ताकि उसका परिणाम समय बेहतर हो सके। विद्यालय में निबंध, गीत, कहानी प्रतियोगिताओं सहित स्वच्छता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि, किसी भी कार्यक्रम को ज्यादा प्रभावी बनाने में प्रतियोगिता का स्वरूप सबसे महत्वपूर्ण योगदान देता है। यदि सामान्य रूप से कार्यक्रम कर दिया जाए तो अपेक्षाकृत कम प्रयास किया जाता है। लेकिन यदि उसे प्रतियोगिता का स्वरूप दे दिया जाए तो प्रतिभागी अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करता है।

विद्यालय में आयोजित इस पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कृष्ण कुमार साहू, गुलजीत खुराना, मीना ठाकुर, मंजू सिंह ठाकुर, श्यामा रामानंदी, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, मीनाक्षी शर्मा, कामिनी गुप्ता, बीआर सूर्यवंशी, गिरधारी वैष्णव, अंकित विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र दुबे, संदीप ध्रुव, माहेश्वरी सिन्हा, मयंक यादव, पारुल यादव, दिव्या मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## धर्मांतरण की सूचना पर हंगामा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर मुख्यालय में धर्मांतरण का एक मामला सामने आया है। पिछले कुछ सालों से प्रार्थना सभा के जरिए धर्मांतरण कराए जाने की सूचना पर रविवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्य मौके पर पहुंचे एवं नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार पथरिया के वार्ड क्र 1 में एक मकान में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना मिली। इस पर विश्व हिंदू परिषद के अलावा बजरंग दल के सदस्यों के साथ नगरवासी भी भारी संख्या में मौके पर पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। इस मामले की जानकारी मिलते ही नगर के आला पुलिस अधिकारी मौके पर दल-बल के साथ पहुंचे एवं पादरी को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया। बजरंग दल के लोगों का कहना था कि, एक समुदाय के लोगों द्वारा निचली बस्ती के गरीब लोगों को लालच देकर लगातार उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक बृजेश शर्मा ने बताया कि, एक निजी घर में भोले-भाले ग्रमीणों को लालच देकर एवं बीमारी ठीक करने की आड़ में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। इसी तरह से पिछले 5-6 सालों से धर्मान्तरण किया जा रहा था, जबकि न्यायालय के आदेश के अनुसार किसी भी निजी घर में प्रार्थना सभा का आयोजन नहीं किया जा सकता। साथ ही उन्होंने आरोपी सत्यम पास्टर के बैंक खाते और जमीन-जायदाद की जांच कराने की मांग की।



ज्ञापन सोंपने पहुंचे वीएचपी व बजरंग दल के कार्यकर्ता।

### की जा रही कार्रवाई

सर्व हिन्दू संगठन के द्वारा आवेदन दिया गया। मामले में घर मालिक सत्यम पास्टर एवं अन्य के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

-लक्ष्मण खुंटे, एसआई पथरिया

## एसपी ने सायकल चलाकर दिया फिट रहने का संदेश

**मुंगेली।** जन-जागरूकता करते हुए संडे ऑफ ऑन साइकिल अभियान में मुंगेली पुलिस द्वारा रेस्ट हॉउस मुंगेली से कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक साइकिलिंग कर आम जनता को फिट रहने हेतू अपील की गई।

खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल के तहत और फिटनेस को हमारी दिनचर्या मे शामिल करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री, भारत सरकार के इस अभियान को स्वास्थ्य एवं तंदुरूस्ती को बढ़ावा देने हेतु पूरे भारत में 24 अगस्त 2025 को साईकल दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के नेतृत्व मे मुंगेली पुलिस के द्वारा फिट इंडिया मिशन साइकिलिंग अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी मुंगेली सालिक राम धृतलहरे, रक्षित निरीक्षक नरगिस खिस्ट तिग्गा बघेल, निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े, उपनिरी. अमित गुप्ता, उपनिरी. गिरजाशंकर यादव, एवं जिला मुंगेली के पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सायकल पर रेस्ट हाउस मुंगेली से दाउपारा चौक होते हुए कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक साइकिल चलाया गया और मुंगेली पुलिस के द्वारा साइकिल चलाते हुये फिटनेस का डोज, आधा घण्टा रोज का नारा लगाया गया। आम जनता को फिटनेस एवं दैनिक शारीरिक गतिविधियों के महत्व के बारे मे जागरूक किया गया, कार्यक्रम दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा बताया गया कि साइकिल चलाना फिटनेस को दैनिक दिनचर्या मे शामिल करने के सबसे सुलभ और प्रभावी तरीकों मे से एक है जो सहनशक्ति में वृद्धि, तनाव में कमी और हृदय स्वास्थ्य मे सुधार जैसे लाभ प्रदान करता है। प्रतिदिन सुबह लगभग 30 मिनट सायकल चलाने एवं शारीरिक रूप से फिट रहने की अपील की गई।



सायकल चलाते पुलिस अधीक्षक।

## खाद नहीं मिलने से किसान परेशान, कांग्रेस ने उठाई आवाज

**करगीरोड कोटा।** क्षेत्र के किसानों को इन दिनों खाद यूरिया, डीएपी नहीं मिल रही है, वर्तमान में किसानों को यूरिया की अत्यंत आवश्यकता, लेकिन खाद की पर्याप्त उपलब्धता ना होने के कारण किसान भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। समय पर खाद न मिलने से किसान अपनी फसलों की बुआई और रख-रखाव को लेकर परेशान हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने किसानों की इस गंभीर समस्या पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि, खाद की कमी से किसान बेहाल हैं, प्रशासन को तुरंत इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि, 260 में बिकने वाला यूरिया बाजार में 800 से 900 में ब्लैक मार्केटिंग के तहत बिक रहा है। अगर किसानों को समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो कांग्रेस आंदोलन करने को मजबूर होगी। श्री दीक्षित ने कहा कि, किसान देश की रीढ़ हैं, और उनकी समस्याओं की अनदेखी करना बड़ा अन्याय है। इस विषय पर प्रबंधक मार्केटिंग सोसायटी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, खाद की कमी की स्थिति को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जल्द ही अतिरिक्त खाद की खेप क्षेत्र में पहुंचने वाली है, जिससे किसानों को राहत मिल सके। किसान रामरतन साहू नवागांव ने बताया कि, हम कई दिनों से खाद वितरण केंद्र के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समय पर खाद नहीं मिल पा रही। फसल बोने का वक्त निकल रहा है, इससे हमें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसान अशोक प्रजापति ने कहा कि, खाद के लिए घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है, फिर भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। सरकार सिर्फ वादे करती है, लेकिन जमीन पर हमें कुछ नहीं मिल रहा। किसान दिनेश साहू ने आक्रोश जताते हुए कहा कि, यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई गई, तो हमारी फसलें सूख जाएंगी।

## विश्वास ही पुलिस-जनता संबंध की असली ताकत

**सीपत।** ग्राम करमा में रविवार को स्वयं सिद्धा फाउंडेशन की ओर से तीज पर्व के पूर्व जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरण और बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

▪ सिद्धा फाउंडेशन का साड़ी वितरण और बुजुर्ग सम्मान कार्यक्रम

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीपत टीआई गोपाल सतपथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर टीआई सतपथी ने कहा कि, फाउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है।

ऐसे आयोजन पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करते हैं। समाज और पुलिस के बीच का रिश्ता डर का नहीं, बल्कि विश्वास और आत्मीयता का होना चाहिए। जब ऐसे कार्यक्रम होते हैं, तो हमें भी परिवार का हिस्सा होने का एहसास होता है। उन्होंने आगे कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं। जनता और पुलिस के बीच की मजबूत कड़ी ही अपराधमुक्त और बेहतर समाज की नींव है। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा ने बताया कि, तीज छत्तीसगढ़ का बड़ा त्यौहार है, और त्यौहार की सच्ची खुशी तभी है, जब हम जरूरतमंदों के साथ इसे साझा करें। सचिव गंगा निषाद ने कहा कि, स्वयं सिद्धा फाउंडेशन लगातार सामाजिक एकजुटता और जरूरतमंदों की सेवा के लिए कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन अनिल तिवारी ने किया। इस दौरान मंच पर रामदत्त गौरहा, सरपंच नंदराम साहू, पंच रानू गौरहा, नवीन दुबे, मोनिका तिवारी, हर्षप्रीत छाबड़ा, अवनी वाशिंग, पूजा तिवारी, ईशान्या साहू, राजेश गौरहा, राजकुमार कश्यप, जीवन साहू, समरिन साहू, लोहारसन कश्यप, उद्धव कश्यप, अनूज शर्मा, भुवन तिवारी, रामाधार, दशरथ साहू, रामकृष्ण कश्यप, प्रकाश सिंह, ललिता कश्यप आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### युवक के साथ गाली-गलौज मारपीट, मामला दर्ज

**तखतपुर।** काम नहीं करने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 324,4 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कपसियाखुर्द निवासी अनूप वैष्णव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 23 अगस्त को सुबह 9 बजे अशोक बंजारे आया और मेरे घर में काम क्यों नहीं कर रहे कहकर गाली-गलौज करने लगा। जब अनूप ने मना किया तो अशोक ने उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115,2 296,3,5 324,4 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## सोनमुड़ा में नदी अध्ययन यात्रा एवं विमर्श कार्यक्रम

# नदियों के संरक्षण का काम सामूहिक जवाबदेही से ही होगा संभव

**पेंड्रा।** नदियां धरती के लिए वरदान हैं, नदियों के बगैर पृथ्वी में जीवन संभव नहीं था, तभी तो देवताओं ने मान मनुहार करके नदियों को स्वर्ग से पृथ्वी पर उतारा। हमारा पूरा पर्यावरण एवं पूरी अर्थव्यवस्था नदियों पर ही आश्रित है। ऐसे में जरूरी है कि, हम नदियों का संरक्षण करें, और यह सामूहिक जवाबदेही से ही संभव है।

उक्त बातें जीपीएम जिले के जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन तथा अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नदी अध्ययन यात्रा एवं विमर्श कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि, नदियों का प्रदूषित होना एवं उन पर अतिक्रमण अत्यंत चिंता का विषय है। नदियों के संरक्षण के लिए बुनियादी स्तर पर जन जागरूकता जरूरी है। उन्होंने नदियों के संरक्षण की दिशा में अरपा उद्गम बचाव संघर्ष समिति पेंड्रा एवं अरपा बचाओ अभियान बिलासपुर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, जीपीएम जिले में अनेक पवित्र नदियों का उद्गम हुआ है, जो यहां के पर्यावरण को शुद्ध एवं हरा भरा रखती हैं। उन्होंने कहा कि, यहां के पर्यावरण, जैव विविधता एवं नदियों के उद्गम की बहुलता को देखते हुए जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन जिले को पर्यटन जिला बनाने विशेष प्रयासरत है। इससे यह जिला ना सिर्फ तरक्की करेगा बल्कि भारत के पर्यटन मानचित्र पर भी उभरेगा। कार्यक्रम में उपस्थित आत्मानंद विद्यालय सेमरा गौरेला के प्राचार्य एवं पर्यावरण विद डॉक्टर नरेंद्र तिवारी ने बताया कि, भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की टीम बाल गंगा प्रहरी कार्यक्रम के लिए जीपीएम का दौरा कर रही है। यह कार्यक्रम स्कूली बच्चों को नदी संरक्षण और गंगा नदी और इसकी सहायक नदियों की जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से है। टीम में शामिल राष्ट्रीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के वैज्ञानिक दानिश ने बताया कि, बाल गंगा प्रहरी परियोजना 'गंगा नदी बेसिन में जलीय प्रजाति संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के रख-रखाव के लिए योजना और प्रबंधन' जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय गंगा मिशन द्वारा वित्त पोषित है। उन्होंने बताया कि, राष्ट्रीय वन्यजीव प्राणी संस्थान एवं स्वच्छ गंगा मिशन की टीम कुछ दिनों के लिए जीपीएम जिले में रहेगी और सरकारी स्कूल के छात्रों और शिक्षकों के साथ जुड़कर इस क्षेत्र में नदी संरक्षण के प्रयासों को मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले, टीम ने सेमरा के आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया था और अब वहां एक नॉलेज सेंटर विकसित करने की योजना है, जो गंगा और सोन नदियों की पारिस्थितिकी और मिथक पर केंद्रित होगा। इस अवसर पर अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के संरक्षक रामनिवास तिवारी ने संघर्ष समिति तथा अरपा बचाओ अभियान बिलासपुर की ओर से अरपा नदी के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।




कार्यक्रम में उपस्थित अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य।

## निधन

### उषा तिवारी

**करगीरोड कोटा।** नगर के



प्रतिष्ठित नागरिक हीरालाल तिवारी (फक्कड़ भैया) की धर्मपत्नी उषा तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। उनक अंतिम संस्कार स्टेशन रोड मुक्तिधाम में किया गया। वे विकास तिवारी की मां थीं।

### सैय्यद सरफराज अली

**बिलासपुर।** मुंगेली नाका निवासी



सैय्यद सरफराज अली का रविवार को निधन हो गया। सोमवार को खामोशगंज कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे सैय्यद वकार अली और सैय्यद सकाफत अली के बड़े भाई थे।

## खबर संक्षेप

### पोला महोत्सव को पारंपरिक अंदाज से मनाया गया



**बिलासपुर।** मंगला में पोला महोत्सव का नजारा बेहद खास रहा, रंग-बिरंगे पंडाल, पारंपरिक वाद्य-धुनें, बच्चों और महिलाओं की भागीदारी सबने उत्सव को खास बना दिया। स्थानीय व्यंजन, खिलौनों और हस्तशिल्प की दुकानो ने मेले की रौनक बढ़ा दी। किसानों ने अपने बैलों को हल्दी और घी से मलकर उन्हें कीटाणु मुक्त किया. मान्यता है कि इससे बैल सालभर स्वस्थ रहते हैं। इस दिन बैलों को काम से आराम दिया जाता है और पूजा कर विशेष भोजन खिलाया जाता है। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, अध्यक्ष द्वारा सिंह, पार्षद रमेश पटेल, पार्षद हेमंत मरकाम और भाजपा नेता सलामुद्दीन खान मौजूद रहे। अतिथियों ने बैलों की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की और किसानों को संबोधित किया। महापौर पूजा विधानी ने कहा पोला कृषि संस्कृति का प्रतीक है। प्रयास किया जाये जिससे यह परंपरा आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रहे। साथ ही उन्होंने इस दौरान मानस मंच के निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम के आयोजक वार्ड पार्षद रमेश पटेल ने कहा पोला महोत्सव छग की परंपरा और संस्कृति का हिस्सा है। इस बार 15 किसानों ने अपने सजे हुए बैलों को मंच पर प्रस्तुत किया। विजेताओं में प्रथम स्थानः रामफल धुरी, द्वितीय स्थानः अंकुर यादव, तृतीय स्थानः अशोक सूर्यवंशी, जबकि श्याम यादव को विशेष पुरस्कार मिला। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए।

### एसबीआई में किया गया सायबर सुरक्षा जारूकता कार्यक्रम



**बिलासपुर।** भारतीय स्टेट बैंक और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन रविवार को प्रशासनिक कार्यालय में किया गया। इसके मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी राजेंद्र जैसवाल, एडिशनल एसपी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अनुज कुमार, भारतीय स्टेट बैंक, बिलासपुर मॉड्यूल के उप महाप्रबंधक आलोक रंजन और क्षेत्रीय प्रबंधक बिलासपुर अविनाश सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को लोगों के साथ साझा किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल डिजिटल वैन को जिले में रवाना किया। नुक्कड़ नाटक एक प्रभावी माध्यम है जो लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करने और उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं के बारे में शिक्षित करने में मदद कर सकता है। एडिशनल एसपी राजेंद्र जैसवाल ने साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया प्रशासनिक कार्यालय बिलासपुर के उप महाप्रबंधक आलोक रंजन जी ने साइबर सुरक्षा अभियान के उद्देश्यों और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अभियान के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया गया।

### प्रमुख मार्गो में मवेशियों के ब्लेक स्पॉट का लगातार किया जा रहा चिन्हांकन



**बिलासपुर।** नेशनल हाइवे एवं अन्य प्रमुख मार्गो में मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण एवं रोक लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व में यातायात पुलिस के द्वारा नियमित रूप से नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे एवं अन्य प्रमुख मार्गों पर घुमंतू मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी बांधी जा रही है। ताकि वाहन चालकों को दूर से ही विचरण करते हुए मवेशियों की मार्गो पर वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त हो सके। अभी तक दस हजार से अधिक मवेशियों को रेडियम पट्टी लगाकर सड़क दुर्घटनाओं से बचाना हेतु विशेष प्रयास किया गया है। यातायात पुलिस के द्वारा लगातार नेशनल हाईवे एवं अन्य प्रमुख मार्गों में रेडियम पट्टी घुमंतू मवेशियों के गले मे आसपास के स्वयं सेवी सांस्थाओ, गौ सेवको, यातायात मित्रों एवं जन सहयोग से लगाई जा रही है इसके तहत पेंड्रीडीह बाईपास, बोड़सरा, अमसेना, बेलमुंडी संबलपुरी, भोजपुरी टोलप्लाज, हाई कोर्ट रोड, तालापारा, मुढ़ी पारा एवं अन्य प्रमुख मार्गो से लगे ग्रामो के आसपास स्थित मवेशी ब्लैक स्पॉट जगह पर सघनता के साथ रेडियम पट्टी लगाए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

**आईएमए की बैठक** 6 माह से योजना के अंतर्गत निजी अस्पतालों को किया जाने वाला भुगतान बंद

# आयुष्मान पर निजी अस्पतालों का अल्टीमेटम, भुगतान नहीं होने पर 1 सितंबर से इलाज बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है, लेकिन प्रदेश में योजना स्वंय ही संकट में घिर गई है। 6 माह से अधिक समय से योजना के अंतर्गत निजी अस्पतालों को किया जाने वाला भुगतान बंद है। ऐसे में डाक्टरों के पक्ष में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सामने आकर गंभीर नाराज़गी जताई है और भुगतान नहीं होने की दशा में 1 सितंबर से योजना के तहत मरीजों को दिए जाने वाला इलाज बंद करने की चेतावनी दे दी है।

शनिवार को आईएमए की आपात बैठक हुई, निजी अस्पताल प्रतिनिधियों ने स्थिति को चिंताजनक बताया और कहा कि बीते 7–8 महीनों से लगातार भुगतान नहीं हो रहा है। इससे अस्पतालों की वित्तीय हालत डांवाडोल हो चुकी है। दवाइयाँ, इम्प्लांट्स और ऑपरेशन सामग्री लगातार महँगी हो रही हैं। कर्मचारियों का वेतन, बिजली-पानी, ऑक्सीजन और अन्य सेवाओं का खर्च अस्पताल प्रबंधन को उठाना पड़ता है, जिसके लिए वित्तीय फंड की जरूरत पड़ती है, लंबित भुगतान के कारण अधिकांश अस्पताल कर्ज के बोझ तले दब चुके हैं। ऐसी परिस्थितियों में गुणवत्तापूर्ण इलाज देना बेहद मुश्किल हो गया है।



### डाक्टरों ने की है अपील

बैठक में कहा गया है 31 अगस्त तक लंबित भुगतान का निपटारा नहीं होने पर 1 सितंबर से आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज बंद किया जाएगा। यह निर्णय राज्य स्तरीय आईएएम के आंदोलन को सहयोग करते हुए लिया गया है। जनहित को ध्यान में रखकर निजी अस्पतालों ने आयुष्मान योजना में पूरा सहयोग किया है लेकिन अब अस्पतालों का अस्तित्व ही खतरे में है। शासन को इसपर हस्तक्षेप करने की अपील डाक्टर और अस्पताल प्रबंधनों के द्वारा की जा रही है। सचिव राजीव सखुजा ने बताया कि निजी अस्पताल आयुष्मान योजना से हटते हैं तो इसका सीधा खामियाजा गरीब मरीजों पर पड़ेगा। अस्पतालों को समयबद्ध भुगतान नहीं मिलने पर अस्पताल में ताला लगाने की नौबत आ सकती है।

दोपहर की ट्रेन पहुंच रही शाम और रात के बाद

# नहीं सुधर रही ट्रेनों की चाल लोकल से भी धीमी रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुम्बई में बारिश के बाद ट्रेनों की बिगड़ी चाल में अब तक कोई भी सुधार नहीं हो सका है। ट्रेनों की रफ्तार लोकल और पैसेंजर ट्रेनों से भी धीमी हो गई है। हाल यह है कि सुबह आने वाली ट्रेनें दोपहर और दोपहर को आने वाली ट्रेनें शाम और रात के बाद बिलासपुर स्टेशन पहुंच रही हैं, जिसके कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिलासपुर आने वाली नागपुर-बिलासपुर वंदेभारत एक्सप्रेस को छोड़कर हावड़ा-मुम्बई रूट की ट्रेनों के साथ कोई भी ट्रेनें समय पर नहीं पहुंच पा रही है। वहीं यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेनें भी संबंधित स्टेशन पहुंचने से पहले ही छूट जा रही है। पिछले दो दिन में मुम्बई से हावड़ा के बीच चलने वाली ट्रेनों की चाल को बारिश ने धीमा कर दिया है। बिलासपुर आने वाली ट्रेनें घंटो लेट पहुंचने के बाद 15 मिनट स्टापेज होकर तत्काल रवाना तो कर दी जाती है, जिसके बाद ट्रेनों की रफ्तार लोकल और पैसेंजर से भी धीमी हो जा रही है।

हावड़ा के साथ मुम्बई, कटनी मुरवारा और अन्य स्टेशनों से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों पर भी असर हो रहा है, जहां ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण सुबह से स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को शाम रात तक इंतजार करना पड़ रहा है। रविवार को बिलासपुर आने वाली ट्रेनों में 22511 मुम्बई एलटीटी से कामख्या जंक्शन 14 घंटे से अधिक, सीएसएमटी-हावड़ा जंक्शन मेल 4 घंटे, मुम्बई एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस 3 घंटे, सुबह 9 बजे आने वाली हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस दोपहर 1 बजे के बाद साढ़े 3 घंटे से अधिक, सुबह 11.35 बजे आने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे के बाद साढ़े 3 घंटे लेट से अधिक, कटनी-बिलासपुर मेमू 2 घंटे, टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर 3 घंटे, पटना-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 9 घंटे, हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस 2 घंटे, अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस 3 घंटे, जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस 11 घंटे से अधिक लेट बिलासपुर स्टेशन पहुंची।

### तीजा में बढ़ी ट्रेनों में महिलाओं की भीड़

तीजा पर्व में बाहर जाने वाली महिलाओं की ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है, जिसके कारण महिला कोच में भी पैर रखने की जगह नहीं मिल पा रही है। रक्षाबंधन के बाद अब ज्यादातर महिलाएं तीजा पर्व मनाने के लिए अपने-अपने घर जाना शुरु कर दी हैं। इसके लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं बस व अन्य संसाधन से और बिलासपुर रेलवे स्टेशन से आसपास के स्टेशन रायपुर, दुर्ग, भाटापारा, रायगढ़, कोरबा, चांपा सहित अन्य स्टेशनों तक आने-जाने के लिए लोकल ट्रेनों के साथ एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों में जा रही हैं। इसकी वजह से बिलासपुर से रायपुर, बिलासपुर से रायगढ़, बिलासपुर से गेवरा रोड, बिलासपुर से शहडोल व आसपास के स्टेशनों के बीच चलने वाली लोकल व पैसेंजर ट्रेनों में महिला यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ गई है। इसी तरह हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के अलावा गेवरारोड से बिलासपुर आकर रायपुर, नागपुर, भोपाल होते हुए अमृतसर जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच, महिला कोच में भी महिला यात्रियों की भीड़ के कारण कई यात्रियों को स्लीपर कोच में आरामदायक सफर करने टीटीई से मिलकर मजबूरी में रसीद कटाना पड़ रहा है।

# नेत्र विशेषज्ञों ने बताई अंधत्व से बचने की नई तकनीक



**बिलासपुर।** एकॉइन एसोसिएशन आफ कम्युनिटी आपथल्मोलॉजिस्ट ऑफ़ इंडिया व सिम्स के नेत्र विभाग के सौजन्य से 23 व 24 अगस्त को नेत्र विशेषज्ञों का वार्षिक सम्मेलन सिम्स ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। एकॉइन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ.एलसी मढरिया ने बताया इस सम्मेलन में न केवल छत्तीसगढ़ के नेत्र विशेषज्ञ बल्कि पूरे भारत के नेत्र विशेषज्ञों ने भाग लिया और अंधत्व से बचने की नई तकनीक के बारे में जानकारी दी।

सत्र के प्रथम 23 अगस्त को मुख्य रूप से मेडिकल कॉलेज के छात्रों के ज्ञानवर्जन के लिए एआईओएस प्रयोगशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें बिलासपुर, अंबिकापुर, रायपुर के मेडिकल छात्रों ने भाग लिया। इसमें डायबिटीज से होने वाले व कांचबिन्द ग्लूकोमा से होने वाले अंधत्व से बचने के लिए नवीन तकनीकी के बारे में डॉ. मढरिया व नागपुर के डॉ.आशीष कामले व डॉ.दीपा अजीत कुमार का व्याख्यान था। इसमें मेडिकल छात्र लाभान्वित हुए। दूसरे दिन 24 अगस्त को सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रो पीके मुखर्जी पूर्व विभाग अध्यक्ष व डीन मेडिकल कॉलेज एवं सिम्स के डीन डॉ प्रोफेसर रमनेश मूर्ति ने मां सरस्वती का पूजन दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ.अंकुर श्रीवास्तव रायपुर, डॉ. सुचिता सिंह सिम्स ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन की जटिलताओं के उचित निदान पर व्याख्यान दिया। डॉ. दिलीप लालवानी ने कांच बिन्द के ऑपरेशन की नई विधि पर प्रकाश डाला। इंदौर से आए डॉ.ओपी बिल्लौरे ने आंख के फंगल की बीमारी के बारे में बताया। उनके द्वारा इसके उपचार की विधि लिखी पुस्तक सम्मेलन के नेत्र विशेषज्ञों को दिए गए। इस प्रकार अंधत्व के विभिन्न बीमारियों के विभिन्न नई उपचार पर डॉ.प्रो गुना सागर दास संबलपुर ओडिशा, डॉ.प्रो पूजा एम्स नागपुर, डॉ.प्रो राकेश शर्मा यू पी ने व्याख्यान दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ.संजय मेहता व सचिव डॉ.देवेश खांडे ने बताया। सम्मेलन में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों का जिसमें डॉ.प्रो पीके मुखर्जी, डॉ.आरए सिद्दीकी, डॉ.ओपी बिल्लौरे, डॉ.प्रो एसएल अदिले, डॉ.प्रो यूसी तिवारी, डॉ.प्रो निधि पांडे, डॉ.रेशु मल्होत्रा, डॉ.सुचिता सिंह व अन्य गुरुजनों का सम्मान किया गया। इस में अंधत्व निवारण में कार्य कर रहे विभिन्न नेत्र विशेषज्ञों का डॉ.शुभा गरेवाल सीएमएचओ बिलासपुर, डॉ.निधि ग्वालरे नोडल छत्तीसगढ़ शासन, डॉ.टोप्पो, डॉ.प्रो संतोष एक्का एवं अन्य नेत्र चिकित्सकों का भी सम्मान हुआ।सम्मेलन के निवृत्तमान अध्यक्ष डॉ.मनीष श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ.राजेश अवस्थी सिविल सर्जन बलौदा बाजार को अपना कार्यभार दिया। डॉ देवेश ख़ांडे नेत्र चिकित्साक मुंगेली को सचिव चुना गया। कार्यक्रम का संचालन नेत्र सर्जन डॉ.संजय मेहता ने किया। एकॉइन के राष्ट्रीय सचिव डॉ.प्रो सपन सामंता ने बच्चों में हो रहे अंधत्व के बारे में बताया । नेत्र विशेषज्ञ डॉ.एचआर प्रसाद ने आए हुए सभी अतिथि, नेत्र विशेषज्ञों, प्रेस मीडिया व फार्मा के लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

- **एकॉइन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए नेत्र विशेषज्ञ**

# कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए पवन शर्मा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का सप्तम प्रांतीय अधिवेशन पंडित दीक्षित सभागृह लाल बहादुर शास्त्री प्रांगण में नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती पूजा विधानी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर पवन शर्मा को निर्वाचित घोषित किया गया।



पवन शर्मा।

संघ के जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि दो चरणों में आयोजित इस अधिवेशन के प्रथम चरण मे निर्वाचन अधिकारी पीआर यादव ने संघ के प्रांतीय अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न कराया। इसमें दो नामांकन प्रस्तुत होने के बाद दूसरे प्रत्याशी के द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने पवन शर्मा को निर्वाचित घोषित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रांत अध्यक्ष जीआर चंद्रा ने प्रांत अध्यक्ष एवं बिलासपुर जिला शाखा के पदाधिकारी को शपथ ग्रहण कराया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने निवर्तमान महामंत्री के स्थान पर संतोष वर्मा संचानालय रायपुर एवं हिमाचल साहू जिला बिलासपुर को नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया। द्वितीय चरण में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूजा विधानी ने सेवानिवृत्ति पदाधिकारी एवं विशिष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी को सम्मान किया। अधिवेशन में पीआर यादव, जीआर चंद्रा, गजेंद्र श्रीवास्तव, विजय लहरे, अवधेश शुक्ला, आनंद यादव, विनोद साहू, नरेश वाढेर, आलोक जाधव, उमेश मुदलियार, नलनी साहू, प्रतिभा ठाकुर तथा प्रदेश के जिला शाखा अध्यक्षों ने संगठनात्मक मुद्दों पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन किशोर शर्मा एवं आभार प्रदर्शन पवन शर्मा प्रदेश अध्यक्ष ने किया। इस दौरान रामकुमार यादव, वीर राजा बाबू, बिंदु भास्कर, संतोष पांडे आदि शामिल रहे।

### शहर विधायक अमर ने किया पदाधिकारियों का सम्मान



# ईद के जुलूस में डीजे पर पाबंदी

**बिलासपुर।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी विशेष रूप से मनाने के लिए आज उसकी देन कमेटी की बैठक हुई। समिति के पदाधिकारी ने यह तय किया है कि जुलूस एवं जलसा में किसी प्रकार का डीजे, पानी पाउच एवं किसी प्रकार का हथियार लाने पर पाबंदी रहेगी। जुलूस के दौरान बाइक एवं कार, छोटी गाड़ियां, आटो रिक्शा को जुलूस के बीच नहीं लाया जाएगा। 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार को इसी संदर्भ में उसकी देन कमेटी की एक बैठक हुई, जिसमें बिलासपुर एवं आसपास के सभी मस्जिदों के मदरसों के मुदररीस शहर के गणमान्य नागरिकों की संयुक्त बैठक मगरपारा स्कूल के प्रांगण में रखी गई। उसकी देन कमेटी के सरपरस्त एसए कादिर, कमेटी के अध्यक्ष युसूफ हुसैन बंटी, संयोजक शेख नजीरुद्दीन एवं समाज के प्रमुख उपस्थित थे। एसए कादिर ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को कामयाब बनाने के लिए के लिए सभी से सहयोग की अपील की। कमेटी के संयोजक शेख नजीरुद्दीन ने विस्तार से जुलूस एवं जलसा के बारे से जानकारी दी। उसकी देन कमेटी के तत्वावधान में सत्यम चौक से दोपहर 2 बजे जुलूस निकाला जाएगा । बैठक में अशफाक टाटा, अशरफ भारमन, शिया समाज से नज्जू अली, सफदर अली आदि मौजूद थे।



# पोला पर्व हमारी कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़

**बिलासपुर।** डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक कृषि पर्व पोला मनाकर बैलों की पूजा-अर्चना और विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ, छत्तीसगढ़ी लोककला संस्कृति केंद्र एवं छत्तीसगढ़ी संजोही द्वारा आयोजित किया गया।

- **सीवी रमन विवि में मनाया गया लोकपर्व**

समारोह में मुख्य अतिथि एयू के कुलसचिव तार्निश गौतम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पोला पर्व हमारी कृषि परंपरा और संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व हमें धरती माता और हमारे परिश्रम से जुड़ी जड़ों की याद दिलाता है। विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ.अरविंद तिवारी ने कहा कि पोला पर्व केवल बैल-पूजन का दिन नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, पशुधन और मानव के गहरे संबंध का उत्सव है। सीवी रमन विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति साहित्य जीवन शैली को संरक्षित एवं संबंधित करने का काम किया जा रहा है। इसके लिए छत्तीसगढ़ी संजोही ,छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ, छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति केंद्र की स्थापना की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि यह पर्व हमारी कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमें इस परंपरा को शैक्षणिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी संरक्षित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय की सम कुलपति दो जयति चटर्जी ने कहा कि परंपराओं और आधुनिकता का समन्वय ही एक आदर्श जीवन होता है। आज के युवाओं को इस आधुनिक समय में अपनी परंपराओं को भी साथ लेकर चलना चाहिए।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी उपस्थित रहे। बैल दौड़ प्रतियोगिता, मिट्टी के खिलौनों की प्रदर्शनी तथा लोकगीत-नृत्य की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पोला पर्व की रौनक देखने लायक रही।



# मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज की पत्रिका का विमोचन

**बिलासपुर।** रविवार को मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज का यश पैलेस में राज्य स्तरीय स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि मैढ़ क्षत्रिय सोनी समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पवन सोनी, समाजसेवी कोरबा सरोज सोनी, आशा सोनी, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी थे।

समाज के प्रतिभावन छात्र, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इसमें छात्रों के साथ सीए, डॉक्टर, व्यवसायी, अधिवक्ता, न्यायाधीश, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी सम्मानित किए गए। इसके अलावा समाज की पत्रिका का विमोचन किया गया। इसमें समाज के युवक–युवतियों और परिवार की जानकारी है। इसके अलावा युवक–युवती परिचय सम्मेलन हुआ। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि पारिवारिक पत्रिका समाज को एक सशक्त मंच प्रदान करती है, जहां विचारों, उपलब्धियों व सामाजिक गतिविधियों को अभिव्यक्त किया जा सकता है। पत्रिका समाज के नवयुवकों को प्रेरणा प्रदान करेगी। महापौर श्रीमती विधानी ने कहा कि पत्रिका भावी पीढ़ियों के लिए भी एक मूल्यवान दस्तावेज बनेगा। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, कोसगां की प्रदेश अध्यक्ष सरोज सुनालिया ने कहा कि यह आयोजन समाज में एकता और सुसंस्कृति का प्रदर्शन करता है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव आशा पारस कुकरा ने कहा कि यह पहल समाज को एक सूत्र में पिरोने और हमारी साझा विरासत को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा कि यह आयोजन निसंदेह पूरे समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगा। मैत्र क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज के अध्यक्ष सजन सोनी, पवन सोनी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सम्मेलन के अध्यक्ष सजन सोनी, सचिव प्रकाश सोनी, कोषाध्यक्ष शुभम सोनी, राजेश सोनी, प्रशांत सोनी, आलोक सोनी, विजय सोनी, योगेश सोनी, रघुनाथ सोनी, रवि सोनी, विकास सोनी, मनोज सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### चाकू अड़ाकर इंजीनियर से नकद रकम की लूट

**बिलासपुर।** चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देकर इंजीनियर से नकद रकम लूट ली गई। पुलिस लुटेरे को नहीं पकड़ पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा भारत चौक निवासी अशोक साहू पिता पुरूषोत्तम साहू जियो फाईबर में इंजीनियर है। 23 अगस्त को रात 10.40 बजे वे बाइक से सरकण्डा बंगालीपारा से घर जा रहे थे। चांटीडीह रामायण चौक में साहिद खान उन्हें रोक लिया और चाकू दिखाकर शराब के लिए पैसा मांगने लगा। नहीं देने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए जबरिया उनकी जेब से 2000 रुपए निकालकर भाग गया। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर साहिद खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 119, 1, 126, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अवैध प्लाटिंग, निगम ने चलाया बुलडोजर



**बिलासपुर।** अवैध प्लाटिंग के खिलाफ निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। रविवार को भी तिफरा के यदुनंदन नगर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को तोड़ा गया। निगम के मुताबिक खसरा क्रमांक 1247/1 भू स्वामी बहोरिक साहू पिता मेघनाथ साहू द्वारा अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी, जिस पर नगर निगम के अतिक्रमण शाखा ने कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत प्लॉट में निर्मित बाउंड्रीवाल और सड़क को हटाया गया है इसके अलावा निर्माणाधीन अवैध मकान को भी ध्वस्त किया गया है। कार्रवाई में जोन कमिश्नर भूपेंद्र उपाध्याय, भवन अधिकारी अनुपम तिवारी,अतिक्रमण प्रभारी प्रमिल शर्मा, सब इंजीनियर राघवेन्द्र सिंह, जुगल सिंह,शिव बहादुर जायसवाल समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### शेयरधारकों को किया जा रहा गुमराह

**बिलासपुर।** रेलवे अर्बन बैंक के शेयरधारकों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, जिससे बचने की अपील की गई है। अर्बन बैंक के डेलीगेट गोपी राव ने बताया कि कुछ लोग रेलवे कार्पोरेटिव सोसायटी के शेयर धारको को गुमराह कर रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य और पूर्व तटीय कार्पोरेटिव क्रेडिट के चीफ मैनेजर ने नोटिस जारी कर कहा कि अफवाह फैलाई जा रही है कि केवाईस नो योर शेयर होल्डर फार्म भरने से अर्बन बैंक से लोन का विवरण, सरकारी या प्रायवेट बैंक के शेयर धारकों को लोन देने से उनके सिविल स्कोर पर प्रभाव पड़ेगा, जबकि ऐसा नहीं है। चीफ मैनेजर ने स्पष्ट किया कि हमारी सोसायटी का सिबिल स्कोर से कोई लेना देना नहीं है। किसी भी तरह कटौती हमारी सोसायटी रेलवे के महीने की वेतनमान से करती है न कि बैंक के माध्यम से। कोलकाता में हुए इस बैंठक में अर्बन के चेयरमैन एसपी सिंह एवं बिलासपुर के अर्बन बैंक के डायरेक्टर रामकुमार यादव व अन्य डायरेक्टर विशेष रूप से मौजूद थे।

## ट्रैफिक जाम...



**बिलासपुर।** छुट्टी मनाने जाने वालों व त्यौहार के कारण रविवार की दोपहर उसलापुर ओवरब्रिज पर ट्रैफिक जाम हो गया, लोग घंटों परेशान होते रहे।

# पेट्रोलिंग के दौरान 9 वारंटी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सरकण्डा पुलिस ने संध्या पेट्रोलिंग के दौरान 9 वारंटियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बीट प्रभारी आरक्षकों को अपने अपने क्षेत्र में संध्या पेट्रोलिंग कर फरार वारंटियों को पकड़ने का निर्देश दिया था। बीट प्रभारी आरक्षकों ने अपने अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर 3 स्थाई, 6 गिरफ्तारी वारंटी दीपक वैष्णव पिता संतोष वैष्णव 38 सल प्रभात चौक चिंगराजपारा, सुशील यादव उर्फ बोचकू पिता भुवनेश्वर यादव 22 साल बंधवापारा, देवानंद जायसवाल उर्फ छोटू पिता लक्ष्मण जायसवाल 23 साल अशोकनगर, शंकर गौरहा उर्फ शंकर पिता सुरेश गौरहा खमतराई, शिव ध्रुव पिता धनउ ध्रुव 20 साल अशोकनगर, शनि कुमार कश्यप पिता सीताराम कश्यप 22 साल खमतराई, उत्कल पटेल पिता परमेश्वर पटेल 26 साल अशोकनगर, नवीन श्रीवास पिता सीताराम श्रीवास 19 साल कुंदरूबाड़ी चिंगराजपारा, ललित कुमार पिता स्व. मोतीलाल 52 साल लोयला स्कूल राजकिशोरनगर निवासी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है।

### दो आरोपी गिरफ्तार, सारनाथ एक्सप्रेस से जा रहे थे प्रयागराज

# सेना का फर्जी पहचान पत्र रखकर ट्रेन में गांजा तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीसीयू व सिविल लाइन पुलिस की संयुक्त टीम ने सेना का फर्जी पहचान पत्र रखकर दुर्ग से गांजा लेकर सारनाथ एक्सप्रेस से प्रयागराज जा रहे दो तस्करों को उसलापुर स्टेशन में पकड़ लिया। उनके पास से 21 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस एण्ड टू एण्ड कार्रवाई के लिए उनसे पूछताछ कर रही है।

■ 21 किलो गांजा बरामद

शनिवार की रात एसएसपी रजनेश सिंह को सूचना मिली कि दो युवक दुर्ग से गांजा लेकर सारनाथ एक्सप्रेस से प्रयागराज जा रहे हैं। तस्करों रिजर्वेशन भी कराया था। उन्होंने एसीसीयू व सिविल लाइन पुलिस को गांजा तस्करों को पकड़ने का निर्देश दिया। उसके बाद एसीसीयू टीआई अजरूद्दीन, चंद्रकांत डहरिया, आतिश पारिख, सत्येंद्र सिंह, अविनाश कश्यप, देवेन्द्र शर्मा, महादेव कुजूर उसलापुर स्टेशन पहुंच गए। सारनाथ ट्रेन उसलासपुर स्टेशन में रूकी तो पुलिस को देखकर दोनों तस्कर उतरकर भाग गए थे। पुलिस की

टीम ने बोगी में जाकर देखा तो दोनों युवक लापता मिले। अगल बगल वालों से पूछताछ की तो बताया गया अभी दोनों युवक दो सूटकेश लेकर नीचे उतरे हैं। पुलिस स्टेशन के आसपास तैनात होकर स्टेशन में आने जाने वालों पर नजर रख रही थी। डेढ़ घण्टे बाद दो युवक सूटकेश रखकर अल्का एवेन्यू रोड की ओर से जाते दिखे। पार्किंग के पास पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक युवक भारतीय सेना का पहचान पत्र दिखाकर गुमराह करने लगा। उससे आधारकार्ड मांगकर जांच की गई तो दोनों में अलग अलग नाम था। उसके बाद दोनों युवकों को पकड़कर सूटकेश खोलकर जांच की तो 21 किलो 100 ग्राम गांजा मिला। रविवार को सिविल लाइन पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



### गांजा तस्करों पर एसीसीयू टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई

एसएसपी के निर्देश पर एसीसीयू टीम नशीले मादक पदार्थ पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में लगे हुए हैं। पिछले दो माह के भीतर टीम ने सीपत में दो तस्करों से 22 किलो गांजा, मस्तूरी में 3 लोगों को पकड़कर 22 किलो 100 ग्राम गांजा, सकरी में मां बेटा सहित 4 लोगों को पकड़कर 30 किलो गांजा, 2.50 लाख रुपए बिक्री रकम, सकरी में एक युवक से 8 किलो गांजा, तोरवा में कार सवार दो तस्करों को पकड़कर 2 क्विंटल 84 किलो गांजा जब्त किया गया था। सभी मामलों में एण्ड टू एण्ड की कार्रवाई की गई है।

### सरगना को पकड़ने दुर्ग जाएगी टीम

पुलिस ने एण्ड टू एण्ड के तहत पूछताछ करने पर दोनों तस्करों ने बताया, दुर्ग से उन्हें गांजा दिया गया था और वे प्रयागराज में छोड़ने जा रहे थे। इसके एवज में दोनों को 20 - 20 हजार रुपए व रास्ता खर्च के लिए 2 हजार रुपए दिए गए थे। दुर्ग से गांजा भेजने वाले सरगना की जानकारी पुलिस के हाथ लग गई है। पुलिस की टीम सरगना को पकड़ने दुर्ग जाएगी।

### मुनाफा कमाने का झांसा देकर 60 लाख रुपए की ठगी का मामला

# साफ्टवेयर इंजीनियर निकला ठगी का मास्टर माइंड

**4 मोबाइल, 7 एटीएम कार्ड, 1 यूपीआई कार्ड, 2 पैन कार्ड, 1 चेकबुक, 2 पासबुक जब्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइबर थाना पुलिस ने मध्य प्रदेश में दबिश देकर शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक महिला से 59 लाख 87 हजार 994 रुपए आनलाइन ठगी करने वाले 4 लोगों को पकड़ लिया है। उनके पास से 4 मोबाइल, 7 एटीएम कार्ड, 1 यूपीआई कार्ड, 2 पैन कार्ड, 1 चेकबुक, 2 पासबुक जब्त किया गया है। वहीं नकद रकम बरामद नहीं की गई है। गिरोह का मास्टर माइंड दिल्ली एनआईआईटी से पढ़ाई करने वाला साफ्टवेयर इंजीनियर है। पुलिसे ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ नकद फूटी कौड़ी नहीं मिली

साइबर थाना के अनुसार, शिकायतकर्ता अल्पना जैन को अनजान मोबाइल नम्बर से फोन कर शेयर मार्केट में निवेश करने पर मोटी रकम मुनाफा कमाने का झांसा दिया गया। उसके बाद उनका डिमेट अकाउंट खुलवाकर अलग अलग तिथियों में विभिन्न बैंक खातों से 59 लाख 87 हजार 994 जमाकर आनलाइन ठगी कर ली गई थी। आईजी डा. संजीव शुक्ला, एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस टेक्निकल साक्ष्य एकत्रित करने के बाद मध्य प्रदेश इंदौर महु में तीन दिन कैम्प कर संभावित ठिकानों में दबिश देकर ठग सरगना सहित 4 लोगों को पकड़ लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया,लोगों को फर्जी एजेंसी, गणेशम सिक्युरिटी के नाम पर विश्वास दिलाकर आनलाइन निवेश, व्यापार में पैसा लगाकर अच्छी मोटी रकम कमाने का लालच, गोल्ड में निवेश की राशि का फर्जी लाभांश दिखाकर लागातार पैसे निवेश के नाम पर जमा कराकर धोखाधड़ी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास 4 मोबाइल, 7 एटीएम कार्ड, 1 यूपीआई कार्ड, 2 पैन कार्ड, 1 चेकबुक, 2 पासबुक जब्त किया है, वहीं नकद फूटी कौड़ी जब्त नहीं हुई है।




### दोस्तों के बैंक खातों का उपयोग

आरोपी सरगना ललीत कुमार दिल्ली एनआईआईटी से कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर डेवलॉपमेंट की पढ़ाई कर आनलाइन सापिंग साइट में मैनेजर का काम करता था। उसने महु, राउ क्षेत्र के अन्य दोस्तों के साथ मिलकर फर्जी वेबसाइड व एप्लीकेशन बनाकर लोगों को झांसे में लेकर ठगी करने लगा। पैसा जमाकर करने अपने दोस्तों के बैंक खातों कमीशन में लिया था।

### पकड़े गए आरोपी

- ललित कुमार पिता सुरेन्द्र सिंह 32 साल धारनाका महू इंदौर
- बबलू उर्फ कमलजीत सिंह चौहान पिता दिलावर चौहान 38 साल अयोध्यापुरी कालोनी कोदारिया महू इंदौर
- अर्पित साल्वे पिता संतोष 30 साल गिरनार सिटी फेस 1 गुजरखेड़ा महू इंदौर
- रोहित निषाद पिता बहादुर निषाद 25 साल शिवनगर कालोनी धारनाका महू इंदौर

# एयरपोर्ट में सितंबर तक लग सकेगा डीवीओआर, एएआई करेगी निरीक्षण

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंटव एयरपोर्ट में डीवीओआर मशीन की स्थापना का काम अंतिम चरण में है। नाइट लैंडिंग की सुविध के लिए स्थापित किए जा रहे रहे मशीन के लिए एएआई टेक्नीशियन, पीडब्ल्यूडी की टीम काम कर रही है। बताया जा रहा है कि सितंबर माह के अंत तक सुविधा का शुरू हो सकेगी, जिससे यात्रियों सुविधा में बढ़ोत्तरी होना तय है।

■ हाईकोर्ट के दखल के बाद भी 10 माह में पूरा नहीं हो सका है

हाईकोर्ट की दखल के बाद भी एयरपोर्ट में निर्माण कार्य सुस्त गति से चल रहा है, 10 माह बीतने के बाद भी डीवीओआर मशीन नहीं लग सकी है, हालांकि अब एयरपोर्ट प्रबंधन अगले माह तक पूरा काम खत्म करने की बात कह रही है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग सुविधा हेतु मशीन स्थापना, भवन निर्माण अंतिम चरण में है। वहीं इसके स्थापना के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम एक बार फिर एयरपोर्ट का निरीक्षण करेगी। खास बात यह है कि नाइट लैंडिंग सुविधा के लिए साल 2023 में राज्य सरकार ने मंजूरी देकर बजट आवंटन कर दिया था, 2 साल में यह कार्य पूरा नहीं हो सका है। नाइट लैंडिंग सुविधा नहीं होने के कारण 4 साल बाद भी एयरपोर्ट से रात्रिकालीन हवाई सेवा बंद है। कई बार मौसम की खराबी के कारण फ्लाइट डायवर्ट करने की नौबत आती है, डीवीओआर मशीन की स्थापना के साथ ही इस समस्या से निजात मिल सकेगी।



**धरने में ये रहे शामिल:** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का रविवार को जारी रहा, जिसमें रवि बनर्जी,मनोज श्रीवास, केशव गोरख, शिरीष कश्यप, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, महेश दुबे टाटा, देवेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक भंडारी, समीर अहमद,पंकज सिंह, रशीद बख्श,विजय वर्मा, संतोष पीपलवा, चंद्र प्रकाश जायसवाल, हबीब मेमन,अखिल अली, मोहसिन अली, और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### समिति ने की है मांग

हवाई संघर्ष समिति ने एयरपोर्ट के प्रबंधन से मांग कर अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निरीक्षण के लिए प्रस्ताव भेजने की बात कही है। नाइट लैंडिंग के लिए मशीन की स्थापना एएआई के कर्मचारी ही करेंगे। काम पूरा नहीं होने के कारण एक बार टीम वापस लौट चुकी है।समिति के सदस्यों ने कहा कि प्रबंधन को एएई की टीम को बुलाने के लिए प्रस्ताव देना चाहिए। ताकि इसपर विलंब ना हो। विंटर शेड्यूल तैयार कर रहे केंद्र सरकार के उड्डयन मंत्रालय को भी इसी जानकारी प्रेषित की जानी चाहिए।

# स्कूल पहुंचे एसडीएम, शिक्षा अधिकारी, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेड़पार बाजार स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल की जर्जर स्कूल बिल्डिंग का निरीक्षण करने अधिकारियों की टीम गांव पहुंची। इस दौरान एसडीएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी और आरईएस के अधिकारी दोनों स्कूल के जर्जर बिल्डिंग, शौचालय, किचन का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयारी है।

■ मेड़पार के जर्जर स्कूल का मामला

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि स्कूल की छत पूरी तरह से जर्जर है, प्लास्टर गिरने से कभी भी हादसा हो सकता है। दीवारों पर दरारें पड़ चुकी है। स्कूलों के छात्र छात्राओं की सुरक्षा खतरे में है। कक्षाओं की कमी के कारण स्कूल अस्थायी रूप से दो पाली में लगाई जा रही है।अधिकारियों ने स्कूल के लि नई बिल्डिंग बनाने का निर्णय लिया है।

सुरक्षा के लिए वर्तमान जर्जर भवन का उपयोग तत्काल बंद कर वैकल्पिक कक्ष व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान स्कूल के प्रधान पाठक विमल कुमार शिवने व स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान प्राइमरी स्कूल की प्रधान पाठक श्रीमती रश्मि सिंह भी उपस्थित रही।

### कुसमुंडा ब्लाक स्टेशन यार्ड रिमाडलिंग को स्वीकृति

**बिलासपुर।** दपूमरे बिलासपुर मंडल के उरगा से कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन के बीच 12.63 किलोमीटर लंबी कोरबा बायपास लाइन का निर्माण छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर सीईडब्लूआरसी के तहत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत उरगा स्टेशन पर 27 जुलाई को नई केन्द्रीयीकृत इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर यार्ड रिमाडलिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# ओएचई से झुलसे कर्मी की हालत गंभीर, जांच करेगी सेफ्टी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार की दोपहर ओएचई का सुधार कार्य करने के लिए अप्रेंटिस की ट्रेनिंग लेने वाला निजी कर्मचारी हाई वोल्टेज करंट लगने से 15 फीट नीचे गिर गया। कर्मचारी को आनन-फानन में अपोलो में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक है। वहीं मामले की जांच करने के लिए सेफ्टी विभाग के अधिकारियों की टीम गठित कर दी गई है।

एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के साथ अब बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत के मेंटनेंस व अन्य कार्य भी कोचिंग डिपो में शुरु कर दिए गए हैं। दूसरी ट्रेनों की तरह इस वंदेभारत एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें लगे इंजन को अलग नहीं किया जा सकता है। यह ट्रेन शनिवार को बिलासपुर से नागपुर के बीच बंद रहती है। प्रति शनिवार की तरह नागपुर से बिलासपुर पहुंची वंदेभारत एक्सप्रेस को कोचिंग डिपो में मेंटनेंस के लिए ले जाया गया था। इसका कोच नम्बर 1581356 पर लीकेज था, जिसका परीक्षण करने भिलाई के कुमार इंजीनियरिंग कंपनी के दो कर्मचारी कोच के ऊपर सवार हो गए। इसी दौरान जांजगीर-चांपा मुलमुला निवासी प्रताप बर्मन ओएचई की चपेट में आकर 15 फीट से सीधे नीचे गिर गया। हाईवोल्टेज ओएचई के करंट से प्रताप 80 फीसदी तक झुलस गया था। इसकी सूचना मिलते ही कोचिंग डिपो में बैठे अधिकारी-कर्मचारी तत्काल बाहर निकले और मौके पर पहुंचकर उसे उपचार के लिए रेलवे हास्पिटल भेजा गया। रेलवे हास्पिटल में प्रताप का प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने उसे सिम्स रिफर कर दिया, जहां हालत गंभीर होते देख उसे अपोलो रिफर कर दिया गया है। दूसरे दिन रविवार को भी उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हो पाया है और अपोलो के आईसीयू में डॉक्टर प्रताप का उपचार कर रहे हैं। कोचिंग डिपो में ओएचई से झुलसा मुलमुला जांजगीर-चांपा निवासी प्रताप बर्मन पिता रामसिंह बर्मन 26 साल भिलाई की कंपनी कुमार इंजीनियरिंग के मालिक भूपेन्द्र यादव के और कोचिंग डिपो में एसआर मीणा के अधीन कार्य कर रहा था।

### जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई

कोचिंग डिपो में ओएचई से झुलसे निजी कर्मचारी का उपचार अपोलो में हो रहा है। मामला कैसे और किस तरह से हुआ इसकी जांच करने के लिए सेफ्टी विभाग की जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-**अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### परिजन ने पुलिस में की शिकायत

कोचिंग डिपो में झुलसे प्रताप बर्मन की हालत काफी गंभीर है। वहीं रविवार को मुलमुला जांजगीर-चांपा निवासी चरणदास मानिकपुरी पिता भरतदास मानिकपुरी 21 साल ने सिरगिट्टी थाना पहुंचकर रेल प्रशासन के खिलाफ लिखित शिकायत की है। शिकायत में कहा कि रेल अफसर के कहने पर ही प्रताप बर्मन लीकेज ठीक करने चढ़ा था। इसके कारण उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस ने चरणदास मानिकपुरी की शिकायत पर धारा 125 (बी) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर लिया है।

